

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 18 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष -42 ■ अंक-111 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 19 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112





## गगन में लहराया भारत का परचम

### मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर हजारों कांवड़ियों का किया भव्य स्वागत

**बेंगलुरु,18 जुलाई।** भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 18 जुलाई 2026 का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। देश की पहली प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने अपने रॉकेट विक्रम-1 पर सफल परीक्षण पूरा कर लिया है। पूरी तरह से स्वदेश में विकसित ऑर्बिटल-क्लास रॉकेट 'विक्रम-1' ने आज दोपहर 12:08 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से सफल उड़ान भरी। इस ऐतिहासिक मिशन को 'मिशन आगमन' नाम दिया गया है, जो अंतरिक्ष में भारतीय निजी क्षेत्र के एक नए युग के प्रवेश का प्रतीक है।

इस ऐतिहासिक लॉन्च के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्काईरूट एयरोस्पेस के संस्थापकों से फोन पर बात की। उन्होंने देश के पहले निजी कक्षीय रॉकेट 'विक्रम-1' के सफल प्रक्षेपण पर दी बधाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के पहले निजी रॉकेट 'विक्रम-1' की सफलता से देश के 'आत्मनिर्भरता' अभियान को बल मिलेगा। बता दें कि भारत से पहले केवल दो देश- अमेरिका और चीन ही ऐसा कर पाए हैं। यानी इन्हीं दो देशों में प्राइवेट स्पेस कंपनियों ने रॉकेट लॉन्च किए हैं। अब भारत भी इस लिस्ट में शुमार हो गया है। हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेस की यह पहली ऑर्बिटल टेस्ट फ्लाइट है। इस मिशन का मुख्य लक्ष्य विक्रम-1 रॉकेट को 450 किलोमीटर की लो-अर्थ ऑर्बिट (LEO) में 60 डिग्री के झुकाव के साथ स्थापित करना है। यह टेस्ट फ्लाइट अपने साथ न सिर्फ तकनीकी पेलोड, बल्कि कई दिलचस्प चीजें भी लेकर जा गई है। उड़ान के दौरान अहम डेटा जुटाने के लिए यह रॉकेट ग्रेहा स्पेस, कॉस्मोसर्व, डीक्यूब्ड और स्काईरूट के अपने स्कोप सैटेलाइट को लेकर गया है। पेलोड में बेंगलुरु स्थित कॉस्मोस डायमंड्स द्वारा तैयार किया गया एक लैब-ग्रोन डायमंड आर्ट पीस शामिल है, जिसे "कॉस्मिक ब्लूम" नाम दिया गया है, साथ ही एक माइक्रो-आर्ट पीस भी अंतरिक्ष की सैर करेगा। रॉकेट अपने साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखा गया एक हस्तलिखित पोस्टकार्ड भी अंतरिक्ष में ले गया है। रॉकेट की उड़ान प्रक्रिया, जिसमें लिफ्ट-ऑफ से लेकर ऑर्बिट में सैटेलाइट स्थापित करने तक के 14 चरण शामिल हैं, कुल 15.46 मिनट में पूरी होगी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी शुभकामनाएं

लॉन्च से ठीक पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर स्काईरूट एयरोस्पेस की टीम को बधाई दी। उन्होंने इसे भारत की अंतरिक्ष यात्रा का "एक ऐतिहासिक नया फ्रंटियर" बताया। पीएम मोदी ने कहा कि यह मिशन हमारे युवाओं की प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और उद्यमशीलता को दर्शाता है। साथ ही, उन्होंने देशवासियों और विशेषकर युवाओं से इस ऐतिहासिक मिशन से जुड़ने और #IndiaWithVikram1 हैशटैग का इस्तेमाल कर टीम का हौसला बढ़ाने की अपील की है।

### सड़क हादसे में मासूम की मौत, सात घायल

**राजनांदगांव, 18 जुलाई।** जिले में नेशनल हाईवे पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर के दर्शन कर दुर्ग लौट रहा एक परिवार हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में एक मासूम की मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा भानपुरी के पास नेशनल हाईवे स्थित साईं मिथिला ढाबा के नजदीक हुआ। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन में खराबी आने के कारण चालक उसे सड़क किनारे ठीक कर रहा था। इसी दौरान नागपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक बालक को मृत घोषित कर दिया। अन्य सात घायलों का इलाज जारी है।

### जज से धोखा पड़ा महंगा, विस्तारा पर एक लाख का जुर्माना

**रायपुर,18 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने विस्तारा एयरलाइंस को सेवा में गंभीर कमी और अनुचित व्यापारिक व्यवहार का दोषी ठहराते हुए उस पर 1.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसमें से 10 हजार रुपये मुकदमे में लगा खर्च है। यह राशि शिकायतकर्ता अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) भूपेंद्र कुमार वासनीकर को मानसिक क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाएगी। आयोग ने यह भी साफ किया कि अगर निर्धारित समय सीमा यानी 45 दिनों के भीतर भुगतान नहीं किया गया, तो एयरलाइंस को इस राशि पर सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा। पूरा मामला कांकेर में पदस्थ एडीजे भूपेंद्र कुमार वासनीकर से जुड़ा है। जज अपने परिवार के साथ कश्मीर में छुट्टियां बिताने के बाद 28 मई 2023 को दिल्ली से रायपुर लौट रहे थे। उन्होंने नौ मई को ही 23,156 रुपये का भुगतान कर विस्तारा फ्लाइट के चार कन्फर्म टिकट बुक करा लिए थे। 28 मई को उड़ान के समय से चार घंटे पहले (दोपहर दो बजे) वे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंच गए थे। इसके बावजूद विस्तारा के कर्मचारियों ने उन्हें तीन घंटे तक बोर्डिंग पास जारी नहीं किया। अंत में उड़ान से एक घंटे पहले ओवरबुकिंग का हवाला देकर जज का कन्फर्म टिकट रद कर दिया गया और केवल उनकी पत्नी व बेटे-बेटी को रायपुर भेजा गया। एडीजे को मजबूरी में दिल्ली में ही रुकना पड़ा और अगले दिन उन्हें इंडिगो एयरलाइंस की 18,823 रुपये का टिकट खरीदकर रायपुर आना पड़ा।

## जंतर-मंतर से अचानक हटाए गए सोनम वांगचुक

**नई दिल्ली,18 जुलाई।** जंतर-मंतर पर पिछले 20 दिनों से आमरण अनशन कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शनिवार सुबह दिल्ली पुलिस ने मेडिकल निगरानी के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचा दिया। इस कार्रवाई के बाद जंतर-मंतर पर हंगामा मच गया। भारी संख्या में मौजूद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी, जबकि पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। पुलिस ने जंतर-मंतर जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी और प्रदर्शनकारियों से धरना स्थल खाली करने की अपील की। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों को हटाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई। सूत्रों के मुताबिक, सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर है और वे होश में हैं नई दिल्ली के डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि दिल्ली



हाईकोर्ट के निर्देश, मेडिकल सलाह और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को देखते हुए वांगचुक को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं।पुलिस कार्रवाई के बाद राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अनशनकारी की मांगों पर संवाद करने के बजाय उन्हें जबरन अस्पताल भेजना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। वहीं, कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने आरोप लगाया कि पुलिस ने बलपूर्वक कार्रवाई की और प्रदर्शनकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि आंदोलन समाप्त नहीं होगा और 20 जुलाई को संसद मार्च किया जाएगा। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग भी की। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि पूरी कार्रवाई न्यायालय के निर्देश, मेडिकल सलाह और सोनम वांगचुक की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखकर की गई है। फिलहाल जंतर-मंतर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### अस्पताल ले जाने पर भड़का विरोध

#### मेरी सहमति के बिना मेरे पति को कुछ भी मत खिलाना: गीतांजलि

सोनम वांगचुक को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराने पर गीतांजलि जे अंग्मो का बड़ा बयान आया है। गीतांजलि ने अस्पताल को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि मेरी सहमति के बिना मेरे पति को कुछ भी मत खिलाना। सोनम वांगचुक की पत्नी ने कहा है कि दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उनकी बिना अनुमति के बिना वांगचुक को न तो मुंह से कुछ दिया जाए। साथ ही नस के जरिए भी कोई दवा या तरल पदार्थ नहीं दिया जाए।

## बिलासपुर-जांजगीर में बारिश, राहत कार्यों में ढिलाई पर सीएम की सख्त चेतावनी

**रायपुर,18 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर और जांजगीर-चांपा जिलों में हुई अत्यधिक वर्षा एवं जलभराव की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी सतर्कता और तत्परता के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक प्रभावित एवं जरूरतमंद व्यक्ति तक समय पर राहत और आवश्यक सहायता सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री, भोजन, पेयजल, चिकित्सा सहित सभी आवश्यक सुविधाएँ बिना किसी विलंब के उपलब्ध कराई जाएँ। साथ ही जलनिकासी की त्वरित व्यवस्था, क्षतिग्रस्त मार्गों की शीघ्र बहाली तथा जनसुविधाओं को जल्द सामान्य करने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और प्रभावित क्षेत्रों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है।

## पीएचक्यू ने तीन अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर,18 जुलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय ने राज्य पुलिस और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (छसबल) की विभिन्न इकाइयों में अतिरिक्त प्रभार सौंपने संबंधी आदेश जारी किया है। यह आदेश पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम के निर्देश पर जारी किया गया है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, गृह (पुलिस) विभाग के 10 जुलाई 2026 के आदेश के तहत आईपीएस श्वेता राजमणी (2012 बैच), राजेश कुकरेजा (2014 बैच) और त्रिलोक बंसल (2016 बैच) का अन्य स्थानों पर तबादला किया गया है। इनके स्थान पर फिलहाल नियमित पदस्थापना नहीं होने के कारण संबंधित पद रिक्त हैं। इसी स्थिति को देखते हुए शासन द्वारा नियमित नियुक्ति होने तक अधिकारियों को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### इन अधिकारियों को मिला अतिरिक्त प्रभार

गायत्री सिंह (रापुसे), सेनानी, 7वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई को प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

शंकरलाल बघेल (IPS), उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ सेनानी, सीटीजेडब्ल्यू , कांकेर को 5वीं वाहिनी छसबल, जगदलपुर, 15वीं वाहिनी (भा./र.) छसबल, बीजापुर तथा 19वीं वाहिनी (भा./र.) छसबल, करणपुर (जगदलपुर) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

आकाश कुमार शुक्ला (IPS), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ बघेरा-दुर्ग को पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ बघेरा-दुर्ग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि ये व्यवस्थाएं नियमित पदस्थापना होने तक अस्थायी रूप से प्रभावी रहेंगी, ताकि संबंधित इकाइयों के प्रशासनिक और परिचालन कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## कांग्रेस में अनदेखी के बीच मोदी से मिले मनीष तिवारी

**नई दिल्ली,18 जुलाई।** पंजाब कांग्रेस के प्रमुख नेता और सांसद मनीष तिवारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चंडीगढ़ रैली के दौरान उनके साथ मंच पर दिखे थे। समय-समय पर कांग्रेस की कार्यशैली



पर सवाल उठाने वाले मनीष तिवारी को लेकर कयासों का बाजार गरमा गया है। हालांकि, उन्होंने खुद इस मामले पर अपनी बात रखी है। उन्होंने एक्स पर साफ शब्दों में कहा कि वे विकास के मुद्दों को हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर रखते हैं। यही वजह है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकारी कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। मनीष तिवारी ने एक्स पर लिखा कि एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में पिछले 45 वर्षों में उन्होंने राजनीति को व्यवस्थित रूप से टूटते हुए देखा है। उन्होंने कहा, "आज की राजनीति तेजी से जहरीली और संक्षारक हो गई है, जहां राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को अब जानी दुश्मन माना जाने लगा है। दिल्ली आज इस टूटी हुई राजनीति का प्रतीक बन चुकी है।" मनीष तिवारी ने हाल ही में 17 जुलाई 2026 को चंडीगढ़ और उनके पूर्व संसदीय क्षेत्र श्री आनंदपुर साहिब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वे इस कार्यक्रम में इसलिए उपस्थित थे क्योंकि ये परियोजनाएं उन लोगों के जीवन को बेहतर बनाएंगी जिनकी सेवा के लिए उन्हें चुना गया है। इससे पहले 24 अगस्त 2022 को भी जब पीएम मोदी ने न्यू चंडीगढ़ में डॉ. होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया था, तब भी bu वहां मौजूद थे। उन्होंने इसे पूरे क्षेत्र के कैंसर मरीजों के लिए एक लाइफलाइन बताया।

**मैं पुराने विचारों का इंसान हूं: मनीष तिवारी**-अपनी उपस्थिति पर उठने वाले राजनीतिक सवालों का जवाब देते हुए तिवारी ने दृढ़ता से कहा, "मैं अभी भी थोड़ा ओल्ड स्कूल का हूं, जो बुनियादी शिष्टाचार, प्रोटोकॉल के सिद्धांतों और दलगत राजनीति से ऊपर विकास के प्राथमिकताओं में विश्वास रखता है।

## आमिर खान को बिश्नोई गैंग की धमकी गौरी से शादी को बताया लव जिहाद

**मुंबई,18 जुलाई।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से बॉलीवुड एक्टर आमिर खान को धमकी मिली है। विश्नोई गैंग के टायसन बिश्नोई और आरजू बिश्नोई के नाम पर मिली धमकी में आमिर खान और गौरी स्प्रैट की शादी को लव जिहाद बताया गया है और कहा कि इस तरह के कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धमकी देने वालों ने कहा है कि बहुत जल्दी इसका जवाब दिया जाएगा। शनिवार को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से एक चिट्ठी और एक ऑडियो मैसेज जारी किया गया। इस चिट्ठी में गैंग की तरफ से आमिर खान और गौरी स्प्रैट की शादी को लव जिहाद बताया गया है। इसके साथ ही राजस्थान के गंगानगर में बच्ची के साथ रेप मामले पर भी नेताओं को धमकी दी है। गैंग की तरफ से कहा गया है कि प्रशासन के काम में जो लोग दखल दे रहे हैं उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।गैंग की तरफ से दो लोगों के नाम से चिट्ठी जारी की गई है। चिट्ठी में आरजू बिश्नोई और टायसन बिश्नोई का नाम है।

## महंगी बिजली और अडानी के स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का जनसंपर्क अभियान

**रायपुर,18 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ते बिजली बिलों एवं अडानी के स्मार्ट मीटर के विरोध में आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुमार मेनन जी के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लखेनगर बिजली कार्यालय से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत लखेनगर क्षेत्र में घर-घर जाकर आम नागरिकों को स्मार्ट मीटर हटाने एवं बदलने के लिए आवेदन पत्र वितरित किए गए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आम जनता आर्थिक रूप से परेशान है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता पर महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर का बोझ थोप रही है। अभियान के दौरान लोगों से अपील की गई कि वे स्मार्ट



मीटर हटाने के लिए आवेदन भरें और इस जनहित की मुहिम से जुड़ें। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। यदि सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो कांग्रेस आने वाले समय में इस मुद्दे पर व्यापक जनआंदोलन करेगी।

### ट्रेन के सामने कूदा युवक

**रायपुर,18 जुलाई।** राजधानी रायपुर में खमतराई रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार को सुबह-सुबह युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है. साउथ-बिहार एक्सप्रेस की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है. जानकारी के मुताबिक, आरा से दुर्ग चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस आज सुबह जब श्रीनगर रेलवे क्रॉसिंग से गुजर रही थी, इस बीच युवक ने ट्रेन के आगे कथित तौर पर छलांग लगा दी. हादसे में युवक को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है.

### फीफा विश्व कप : 2026, अर्जेंटीना और स्पेन में होगी चैंपियन बनने की होड़

## दक्षिण अमेरिका या यूरोप में से कौन ले जाएगा फीफा विश्व कप ?

**जसवंत क्लॉडियस , वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर, रायपुर, छ ग.**

काफी उतार-चढ़ाव दिल धड़का देने वाले रोमांचक फुटबाल का दौर अब फायनल तक पहुंच गया है। इस समय खेल संसार में सबसे बड़ा यही प्रश्न कौंध रहा है कि इस बार फीफा विश्वकप 2026 का विजेता बनेगा कौन ? फाइनल में जगह बनाने वाली अर्जेंटीना की टीम 1930 से लेकर 2022 याने 22 वें संस्करण तक तीन बार विश्वकप विजेता बन चुकी है। इसमें 1978 में जब अर्जेंटीना में ही विश्वकप का आयोजन हुआ। दूसरी बार 1986 में जबकि मैक्सिको में विश्वकप हुए थे और तीसरी बार 2022 में जब विश्वकप पहली बार एशिया महाद्वीप के कतर में सम्पन्न हुई थी। इनके अलावा अर्जेंटीना की टीम 1930, 1990, 2014 में उपविजेता बनी थी। दूसरी ओर स्पेन की टीम सिर्फ एक बार 2010 में विजेता बनी। अगर हम स्टेडियम के बाहर कागजों में दोनों टीम की तुलना करें तो स्पष्ट है कि फीफा विश्व कप के इतिहास के पिछले 96 वर्षों में अर्जेंटीना की पुरुष टीम तीन बार फुटबाल विश्वकप विजेता, तीन बार उपविजेता रह चुकी है। जबकि स्पेन की टीम केवल एक बार 2010 में विजेता रह चुकी है जबकि 1950 में चौथे स्थान पर रही है। इस तरह 2026 में फीफा विश्वकप के फायनल में अर्जेंटीना का पलड़ा भारी लग रहा है। फिर खेल तो खेल है। आज के आधुनिक तकनीक, कठिन परिश्रम व रणनीति की वजह से हार जीत की भविष्यवाणी करना मुश्किल है। इसके पहले कि हम आगे 2026 के विश्वकप फुटबाल के फाइनल की बात करें, दोनों देशों से संबंधित रोचक तथ्य का उल्लेख ज़रूरी है। अर्जेंटीना देश दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में है। इस क्षेत्र में मानव सभ्यता की शुरुआत लगभग 13000 वर्ष पूर्व मानी जाती है जबकि यहां पुरानी पैटागोयिनयन बस्ती थी .अर्जेंटीना प्राचीन स्वदेशी संस्कृतियों का गढ़ रहा है। परंतु इस देश को एक साथ सहेजने में कोई भी नेतृत्व सक्षम नहीं हुआ। जिसकी वजह से 1536 में अर्जेंटीना को स्पेन के तत्कालीन शासकों ने कालोनी के रूप में अपने कब्जे में ले लिया। वास्तव में यूरोप के विभिन्न देशों में 15 वीं सदी से विज्ञान में नए नए आविष्कार के कारण समुद्र मार्ग से यूरोप के चारों तरफ के दूर-दूर तक स्थित भू-भाग की खोज के लिए अनेक साहसी खोजकर्ता सामने आये .इसी वजह से पूरी दुनिया में अंग्रेज, पुर्तगाली, स्पेनिश, फ्रांसीसी आदि साहसी खोजकर्ता दूर दूर जगह की खोज करके अपनी धाक जमाते चले गए . आगे चलकर उन्होंने वहां अपने-अपने देश की कालोनी बना ली। याने उपविनेशवाद स्थापित करने की होड़ लग गई। जैसे माना जाता है कि भारत के गोवा क्षेत्र में सबसे पहले 1498 में पुर्तगाली वास्कोडीगामा समुद्री खोजकर्ता के रूप में आये। ठीक उसी तरह 1516 में अर्जेंटीना की धरती पर खोज अभियान के तहत जुआन डिआज डी सोलिस के साथ स्पेनिश खोजकर्ताओं का आगमन हुआ। जैसे 1744 से भारत पर अंग्रेजों ने अपने आपको स्थापित करना आरंभ किया वैसे ही स्पेन ने अर्जेंटीना के अधिकांश भूभाग पर कब्जा जमाना आरंभ किया। यूरोप के शासकों का इस तरह भूभाग पर कब्जा करने को उनके इतिहासकार महिमा मंडित करते हो लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन आदि की उस क्षेत्र विशेष में सुविधा उपलब्ध कराने के पीछे यूरोपीय शासकों का उदेश्य उनके द्वारा स्थापित कालोनी की कीमती लकडिय़ों, मसालों, प्राकृतिक तेल, गैस, बहुमूल्य धातुओं को अपने-अपने देशों के लिए लाभप्रद बनाना है। अर्जेंटीना में चांदी बड़ी मात्रा में पाई जाती है। अतः इन सब बहुमूल्य वस्तुओं पर नियंत्रण और उसके दोहन के लिए स्पेन के साम्राज्य ने 1776 में रियो डी ला प्लाटा के वायसरायटी की स्थापना की और अर्जेंटीना देश के भू भाग पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया। यहां तक कि वहां की भाषा स्पेनिश बन गई। माना जाता है कि स्पेन ने 1536 से 1816 तक अर्जेंटीना में शासन किया लेकिन जब नेपोलियन ने स्पेन पर कब्जा कर लिया तो अर्जेंटीना के जागरूक, राष्ट्रप्रेमी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हाथ से हाथ मिलाया और 280 वर्षों की गुलामी से अर्जेंटीना को 9 जुलाई 1816 को स्पेन से स्वतंत्रता स्वतंत्रता दिलाई। अब देखना है क्या दक्षिण अमरीका महाद्वीप से अर्जेंटीना देश की टीम फुटबाल में अपने देश पर राज करने वाली यूरोप महाद्वीप से स्पेन देश की टीम को चारों खाने चित्

करके विश्व विजेता बनने में सफल हो सकेगी? वैसे अर्जेंटीना की टीम 2026 के इस विश्वकप में अब तक भाग्यशाली रही है। नाक आउट राउंड के सभी मैच में उन्हें कड़ी टक्कर मिली. केप वर्डे, स्वीट्जरलैंड, मिस्त्र और इग्लैंड सभी से शुरू में पिछडऩे के बाद मुकाबले के अंतिम दस बारह मिनट में विपक्षियों पर गोल करके अर्जेंटीना विजयी हुई तथा फाइनल में पहुंची है। अब देखना है कि क्या इस बार भी भाग्य उनका साथ देगी।

# भाजपा उतई मंडल महामंत्री प्रवीण यदु ने पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 18 जुलाई।** भाजपा उतई मंडल के महामंत्री प्रवीण कुमार यदु ने अपना जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया। उतई रेस्ट हाउस परिसर में एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के तहत वृक्षारोपण कर जन्मदिन मनाया गया। अतिथियों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर प्रवीण कुमार यदु जी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शीतला ठाकुर ने कहा कि प्रवीण यदु जी का यह निर्णय युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। जन्मदिन को वृक्षारोपण कर मनाना पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता दर्शाता है।नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू ने कहा कि प्रवीण जी का संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा का भाव सराहनीय है। ईश्वर उन्हें स्वस्थ एवं दीर्घायु रखें।जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री चंदू देवांगन,अध्यक्ष वृत्ताकार सेवा सहकारी समिति उतई फत्तेलाल वर्मा,पार्षद सोनू राजपूत, भारतीय जनता युवा मोर्चा दुर्ग जिला मंत्री हर्ष चंदेल, घनश्याम चंद्राकर,फलेंद्र सिंह राजपूत,सुखीत यादव,ओपी चंद्राकर,हरीश यादव,चिंटू सिन्हा,रूपेश पारख,विमला कामड़े,एकता चंद्राकर,संगीत रजक,लक्ष्मी नारायण साहू,करण सेन, सहित मंडल के समस्त मोर्चा केपदाधिकारी,पार्षदगण,जनपद सदस्य,सरपंचगण,पंचगण बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।।

# सेजस घुघुवा (क) विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रशांत शर्मा अध्यक्ष ,रवि साहू उपाध्यक्ष चुने गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**उतई, 18 जुलाई।** क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिंदी माध्यम विद्यालय घुघुवा(क) में आज गुरुवार 16 जुलाई 2026 को छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यालय के समस्त पालकगण माता-पिता का बैठक आयोजन किया गया, जिसमें लगभग सौ पालकों की उपस्थिति रही, विद्यालय के प्राचार्य के के पहरी ने चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया सर्वप्रथम चुनाव की प्रक्रिया और नियमों का सार्वजनिक रूप से उल्लेख किया, तत्पश्चात उपस्थित सभी पालकों से विद्यालय में अध्ययन कर रहे पुत्र पुत्री की जानकारी लेकर उपस्थिति हेतु हस्ताक्षर कराया गया जिसके बाद सभी पालकों से अध्यक्ष पद हेतु नाम मांगा गया, जिस पर पालक नकुल सत्यम द्वारा पालक प्रशांत शर्मा के नाम का प्रस्ताव अध्यक्ष पद हेतु रखा गया, अन्य कोई भी उम्मीदवार अध्यक्ष पद हेतु नहीं मिलने पर सर्वसम्मति से निर्विरोध प्रशांत शर्मा को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय घुघुवा(क) विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुन लिया गया, इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद हेतु सिर्फ एक नाम आने पर रवि साहू को सर्वसम्मति से निर्विरोध विद्यालय प्रबंधन समिति का उपाध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया समापन के पश्चात प्राचार्य द्वारा गत वर्ष के आय व्यय की जानकारी पालकों को प्रदान की गई।बैठक के अंत में सेजस विद्यालय घुघुवा(क) प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष रवि साहू एवं अध्यक्ष प्रशांत शर्मा द्वारा क्रमशः समस्त पालकों का आभार व्यक्त किया गया, अध्यक्ष प्रशांत शर्मा द्वारा कहा गया जन सहयोग व समस्त पालकों के सहयोग से छात्र और विद्यालय हित में निरंतर प्रयास कर सभी समस्याओं का समाधान और उचित शिक्षा व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा एवं क्षेत्र के सभी जन प्रतिनिधियों का सहयोग लेकर शासन स्तर पर सभी कमी की पूर्ति हेतु की मांग की जाएगी।

## एक नजर

### धोखाधड़ी मामले का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 18 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई वर्ष 2022 में नर्सिंग स्टाफ को स्वास्थ्य विभाग में शासकीय नौकरी दिलाने का झूठा आश्वासन देकर 10,55,698 की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को स्मृतिनगर चौकी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। स्मृतिनगर चौकी प्रभारी अमित आनंद ने बताया कि प्रार्थिया स्वेच्छा रानी निवासी सिकोला भाठा दुर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराया वर्ष 2022 में कोविड-19 अवधि के दौरान शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी में कार्यरत रहने के समय आरोपी बिज्जू चंद्रा ने स्वयं को प्रभावशाली बताते हुए शासकीय चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल एवं जिला अस्पताल दुर्ग में नर्सिंग स्टाफ के पद पर शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा दिया इस बहाने आरोपी ने छलपूर्वक कुल 10 लाख 55 हजार 698 रुपए प्राप्त कर धोखाधड़ी की। रिपोर्ट पर चौकी स्मृतिनगर थाना सुपेला में धारा 318 (4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश कर उसे अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में आरोपी बिज्जू चंद्रा (32 साल ) निवासी रेलवे कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 21, शास्त्री नगर, दल्लीराजहरा, जिला बालोद, हाल निवासी ग्राम जेवरा थाना पुलगांव ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल एवं बैंक पासबुक जब्त की है ।

### 8 वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 18 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई वर्ष 2019 के हत्या के प्रयास के प्रकरण में पिछले 8 वर्ष से फरार आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है सुपेला प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि थाना सुपेला के अपराध में 26 अक्टूबर 2019 को प्रार्थी विनय यादव उर्फ नेपाली अपने साथी के साथ शीतला तालाब के पास बैठा था इसी दौरान आरोपियों ने शराब पीने के लिए रुपये की मांग की रुपये देने से मना करने पर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देते हुए एक आरोपी ने प्रार्थी को पकड़ लिया तथा दूसरे आरोपी ने धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर पीठ, कमर एवं दाहिने सीने में गंभीर चोट पहुंचाई। रिपोर्ट पर थाना सुपेला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। चिकित्सकीय परीक्षण में गंभीर चोट पाए जाने पर हत्या के प्रयास की धारा जोड़ी गई विवेचना के दौरान एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था जब कि सह आरोपी पोने सिंह घटना के बाद से लगातार फरार था फरार आरोपी पोने सिंह (38 साल ) निवासी शंकर पारा सुपेला की लगातार तलाश के दौरान गिरफ्तार कर लिया है।

### छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भिलाई, 18 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर में रहने वाले 12वीं के एक छात्र ने शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक की पहचान यश कुमार डडसेना (20 साल ) के रूप में हुई है उसकी केमिस्ट्री विषय की सप्लीमेंट्री परीक्षा थी परीक्षा देकर घर लौटने के कुछ देर बाद उसने यह कदम उठा लिया पुलिस मामले की जांच कर रही है मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, इस लिए आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है पुलिस ने बताया कि यश 12वीं का छात्र था वह



केमिस्ट्री की सप्लीमेंट्री परीक्षा देने गया था परीक्षा खत्म होने के बाद वह घर लौटा उस समय घर में उसकी दादी मौजूद थीं। उसके पिता छत्रपाल डडसेना अपने छोटे बेटे को प्रतियोगी परीक्षा दिलाने के लिए हुडको गए हुए थे यश की मां सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं। दोपहर करीब 12 बजे पिता ने यश को मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया था मोहन नगर पुलिस ने बताया कि घर आने के बाद यश वॉशरूम गया हुआ था लेकिन काफी देर तक यश वापस नहीं लौटा तो दादी उसे देखने गईं। पहले उन्होंने टॉयलेट में तलाश की लेकिन वह वहां नहीं मिला। इसके बाद बगल में बने स्टोर रूम का दरवाजा खोला तो यश फांसी के फंदे से लटका मिला? घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी पोस्टमार्टम किया जाएगा यश के पास कोई सुसाइडल नोट नहीं मिला है परिजनों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ।

# छात्रों के लिए डीपीएस में सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 जुलाई।** बीएसपी के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा डीपीएस रिसाली स्कूल के सहयोग से कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में दैनिक जीवन से जुड़े सुरक्षा विषयों के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उनमें सुरक्षित व्यवहार की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में कक्षा 10 की 11 सेक्शनों के कुल 306 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ए. एच. जुंजानी, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती नीलम पांडे, कक्षा 10 के शिक्षक मनीष कुमार फाटक एवं सुमन कुमार त्रिपाठी के सहयोग से संपन्न हुआ। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग की ओर से महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस, सहायक महाप्रबंधक अजय टल्लू, उप प्रबंधक अरिजीत रॉय तथा सहायक प्रबंधक अखिल मिश्रा ने कार्यक्रम के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल 60 प्रश्न पूछे गए, जिनमें घरेलू सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा पर्यावरण सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन अधिक प्रभावी बनाने के लिए नेगेटिव मार्किंग की व्यवस्था भी की गई। विद्यार्थियों की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा प्रतियोगिता से पूर्व अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई थी। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों ने आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले उपायों, प्राथमिक उपचार, सड़क सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा जैसे विषयों की उपयोगी जानकारी अर्जित की, जिसका उपयोग वे अपने दैनिक जीवन में भी कर सकेंगे।

### 19 जुलाई की सुबह कई क्षेत्रों में जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**भिलाई, 18 जुलाई।** नगर निगम भिलाई ने नागरिकों को सूचित किया है कि शिवनाथ नदी स्थित इनटेक वेल, 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी पंप हाउस में आवश्यक विद्युत एवं रखरखाव कार्य किए जाने के कारण 18 जुलाई को लगभग 5 से 6 घंटे का शटडाउन लिया जा रहा है। इस शटडाउन के चलते 19 जुलाई रविवार की प्रातः कालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। निगम के अनुसार, रखरखाव कार्य पूरा होने के बाद दोपहर 11 से 12 बजे तक जलापूर्ति पुनः शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे आवश्यकतानुसार पहले से पेयजल का संग्रह कर लें तथा असुविधा से बचने के लिए सहयोग प्रदान करें। निगम ने भरोसा दिलाया है कि रखरखाव कार्य निर्धारित समय में पूरा कर जल्द से जल्द सामान्य जलापूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जाएगा।

# मां दंतेश्वरी वार्ड में श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

कवर्धा। शहर के वार्ड क्रमांक 16 स्थित मां दंतेश्वरी वार्ड में भगवान श्री जगन्नाथ प्रभु की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। रथयात्रा का शुभारंभ मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से हुआ। यात्रा में पाली समाज एवं मल्लाह समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग



लेकर भगवान का रथ खींचा तथा आयोजन को सफल बनाया।रथयात्रा का आयोजन मां दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी श्री अजय सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर में सेवा देने वाले छोटे-छोटे बच्चों एवं बच्चियों ने भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ अपनी सहभागिता निभाई, जिससे रथयात्रा का वातावरण भक्तिमय एवं आकर्षक बन गया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 16 के अनेक श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे। पूरे मार्ग में भगवान श्री जगन्नाथ के जयकारों और भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा ।

# नगर निगम का पूरा फोकस नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर रहेगा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 जुलाई।** नगर पालिक निगम की नवपदस्थ आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह ने शुक्रवार को संवाददाताओं से मुलाकात के दौरान शहर के विकास, जलभराव, पेयजल, स्वच्छता, पार्किंग, राजस्व और बीएसपी क्षेत्र की समस्याओं सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कीं। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम का पूरा फोकस नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर रहेगा। उन्होंने बताया कि पेयजल, स्वच्छता, सड़क और जल निकासी से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी तथा वर्षा के दौरान जिन क्षेत्रों में जलभराव की समस्या सामने आ रही है, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। बीएसपी क्षेत्र की समस्याओं पर आयुक्त ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े लंबित विषयों का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम और बीएसपी के बेहतर तालमेल से नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। जनसुनवाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आयुक्त ने प्रत्येक सोमवार सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नियमित जनसुनवाई आयोजित करने की घोषणा की। प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने के लिए निगम में 100 प्रतिशत ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आयुक्त ने कहा कि इससे जवाबदेही बढ़ेगी और कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित होगा। स्वच्छता के क्षेत्र में भिलाई को मिशन क्लीन सिटी में शामिल कराने के प्रयास तेज करने की बात कही, ताकि शासन से अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि शहर की पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई पानी टंकियों के निर्माण की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर निगम पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसहभागिता के साथ शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



# राष्ट्रीय शिक्षक समारोह में मनोज सिन्हा का हुआ सम्मान

**भिलाई, 18 जुलाई।** राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार सिन्हा को सम्मानित किया गया। इस अवसर सम्मान प्राप्त करने के पश्चात सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित होना उनके लिए अत्यंत गौरव एवं प्रेरणा का विषय है। इस सम्मान के लिए उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत परिवार, डॉ. पूर्णानंद मिश्रा, कार्यकारी प्रबंधक जितेंद्र मिश्रा तथा चयन समिति के सभी सम्माननीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# जामुल शिव मंदिर के पास बोर खनन कार्य प्रारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 18 जुलाई।** नगर पालिका जामुल में वार्ड क्रं. 4 शिव मंदिर के पास अध्यक्ष निधि से बोर खनन कार्य प्रारंभ किया गया। नया अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने भूमिपूजन करते हुए बताया कि नगर पालिका जामुल में आवश्यकता अनुसार वार्डवासियों के मांग अनुरूप कार्य कराये जा रहे हैं। बोर खनन कार्य हो रहा है उसकी लागत राशि एक लाख पचास हजार रुपये है, जो कि अध्यक्ष निधि से व्यय होगा।

ऐसे ही हर वार्ड में मांग अनुरूप विकास कार्य होता रहेगा। बोर खनन भूमि पूजन के अवसर पर सरोजनी चंद्राकर पार्षद वार्ड क्रं. 04, राम दुलार साहू पार्षद वार्ड क्रं. 14, हेमन्त देवांगन, विकास यादव, विजय यादव, देवेन्द्र सिंह चैहान, शैलेष सिंह, रिंकु खान साकेत मजुमदार राजेश साहू, अतुल सिंह, रामू देवांगन सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

# कुरूद एसएलआरएम सेंटर के एप्रोच रोड पर लगी स्ट्रीट लाइट, आवागमन हुआ सुरक्षित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 जुलाई। नगर निगम द्वारा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के तहत जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत कुरूद स्थित एसएलआरएम सेंटर के पास एप्रोच रोड पर स्ट्रीट लाइट स्थापित की गई है। इस कार्य से क्षेत्र में रात्रिकालीन आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो गया है। एसएलआरएम सेंटर तक आने-जाने वाले कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों एवं वाहनों को अब अंधेरे की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। सड़क पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होने से दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी तथा आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा का वातावरण मजबूत होगा। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आवश्यकता वाले स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

# पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यान विकास को मिलेगी नई गति, समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

**दुर्ग, 18 जुलाई।** नगर पालिक निगम,महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में आज पर्यावरण एवं उद्यानिकी प्रभारी काशीराम कोसरे द्वारा पार्षद सावित्री दमाहे,कार्यपालन अभियंता मोहम्मद सलीम सिद्दीकी,सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, उपअभियंता पंकज साहू, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह एवं पुरषोत्तम साहू की उपस्थिति में पर्यावरण एवं उद्यानिकी समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में शहर के पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा नगर के उद्यानों के रखरखाव एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में प्रभारी काशीराम कोसरे ने कहा कि समिति के समक्ष निकाय क्षेत्र एवं डिवाइडरों में पौधरोपण तथा पौधों की खरीदी से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। सदस्यों ने इस विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए शासन द्वारा जारी 15वें वित्त आयोग एवं वायु गुणवत्ता सुधार मद के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख मार्गों के डिवाइडरों में उपयुक्त स्थलों का चयन कर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराने की अनुशंसा की। समिति ने कहा कि इस पहल से शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार होगा, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा।बैठक में उन्होंने कहा कि छ.ग. भूमि विकास निगम 1994 के नियम 64 के बनूसार 100 वर्गमीटर के क्षेत्र पर 01 वृक्ष की दर से वृक्षारोपण किया जाना होगा।

# दक्षिण अफ्रीका से पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का हुआ स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 18 जुलाई। दक्षिण अफ्रीका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों एवं उनके कोच का बुधवार को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। खिलाड़ियों के आगमन पर ढोल-नगाड़ों की गूंज, फूल-मालाओं और जोरदार स्वागत के बीच नागरिकों ने उनका अभिनंदन कर उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

स्वागत समारोह में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नागरिकों ने उनकी इस ऐतिहासिक सफलता को प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। इस अवसर पर खिलाड़ियों और कोच ने सर्व समाज के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू से शिष्टाचार भेंट की। खिलाड़ियों ने दक्षिण अफ्रीका में जीता गया पदक इंद्रजीत सिंह को सौंपते हुए आग्रह किया कि वे अपने हाथों से पुनः उन्हें पदक पहनाकर सम्मानित करें। इस भावनात्मक पल ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। इंद्रजीत सिंह ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ी पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा हैं और उनकी सफलता युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर मलकित सिंह, हरजिंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## निधन

### रामकली साहू



**उतई।** नगर पंचायत उतई के वार्ड नं 04 निवासी पूर्व पार्षद श्रीमती रामकली साहू जी 70 वर्ष का आज सुबह 4 बजे आकस्मिक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 12 बजे स्थानीय मुक्ति धाम में किया जाएगा जो कि श्री कंछेदी लाल साहू कि धर्म पत्नी व पार्षद लक्ष्मी नारायण साहू गुरुजी घनश्याम साहू वकील नितेश साहू कि माता जी थी ।

एक नज़र

## डायल 112 की टीम ने त्वरित रेस्क्यू कर दो गंभीर घायलों को पहुँचाया अस्पताल



**बलौदाबाजार 18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज दिनांक 17.07.2026 को शाम करीब 05:30 बजे गिरोदपुरी पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में दो मोटरसाइकिलों के आपस में टकरा जाने से एक युवक और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने त्वरित रिस्पॉन्स टाइम दिखाते हुए घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरपाली में भर्ती कराया, जिससे समय पर उन्हें डॉक्टरी सहायता मिल सकी। ? कंट्रोल रूम से शाम 05:30 बजे इवेंट (सूचना) प्राप्त होते ही डायल 112 वाहन में तैनात आरक्षक क्रमांक 757 कमलेश्वर बर्मन और वाहन चालक मोहन धीवर बिना एक पल का समय गंवाए तत्काल घटनास्थल गिरोदपुरी पेट्रोल पंप के लिए रवाना हुए। ?घटनास्थल पर पहुंचने पर देखा कि दो बाइकों की टक्कर के बाद एक युवक और युवती गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क पर पड़े दर्द से कराह रहे थे। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आसपास के लोगों की मदद से उन्हें संभाला। पूछताछ में घायलों की पहचान प्रकाश लहरे (उम्र लगभग 26 वर्ष) तथा खुशी टंडन (उम्र 24 वर्ष), दोनों निवासी पामगढ़ के रूप में हुई है। 'गोल्डन आवर' में मिला त्वरित उपचार- ?मामले की गंभीरता और घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए आरक्षक कमलेश्वर बर्मन और चालक मोहन धीवर ने संवेदनशीलता का परिचय दिया। उन्होंने बिना वक्त जाया किए दोनों घायलों को अत्यंत सावधानीपूर्वक उठाकर डायल 112 सरकारी वाहन में शिफ्ट किया और तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरपाली लेकर रवाना हुए। अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को आपातकालीन स्थिति से अवगत कराते हुए दोनों को तत्काल उपचार हेतु भर्ती कराया गया, जहां समय पर इलाज शुरू होने से दोनों की हालत अब स्थिर है।

### बुलेट और साइकिल में भिड़ंत दोनों वाहनों के परखच्चे उड़े

**बलौदाबाजार 18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना कसडोल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम छेरछेद मॉडर्न स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में एक तेज रफ्तार बुलेट और साइकिल के बीच आमने-सामने की सीधी टक्कर हो गई, जिसमें दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना कसडोल की डायल 112 टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घायलों को तत्काल इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्टा्रष्ट) कसडोल में भर्ती कराया। हादसे के बाद बेहोश हुआ साइकिल चालक, बुलेट सवार का टूटा कंधा- ?कंट्रोल रूम से शाम 04:00 बजे इवेंट (सूचना) प्राप्त होते ही डायल 112 वाहन में तैनात आरक्षक आशुतोष बंजारे और वाहन चालक केशव प्रसाद साहू बिना कोई समय गंवाए तत्काल घटनास्थल ग्राम छेरछेद के लिए रवाना हुए। ?मौके पर पहुंचने पर देखा कि सड़क पर बुलेट और साइकिल की आपस में जबरदस्त भिड़ंत हुई थी। इस दुर्घटना में साइकिल चालक मनमोहन केवट (पिता श्री छात्राम केवट, उम्र 50 वर्ष), निवासी ग्राम छरछेद के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण वे मौके पर ही बेहोश हो गए थे। वहीं बुलेट (वाहन क्रमांक ष्ट्त 13 ब्ख्ष 4885) के चालक धीरज भोई (पिता कृष्ण वल्लभ), निवासी ग्राम छिछोर उमरिया (ब्लॉक पुसौर, जिला रायगढ़) का बायां शोल्डर (कंधा) बुरी तरह टूट चुका था और वे अत्यधिक दर्द से तड़प रहे थे। परिजनों की मौजूदगी में तत्काल अस्पताल में कराया दाखिल- ?दोनों घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए डायल 112 के स्टाफने सूझबूझ का परिचय दिया।

### नव-पदस्थ पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने ली जिले के पुलिस अधिकारियों की पहली समीक्षा बैठक

**बलौदाबाजार 18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के नव-पदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय द्वारा आज दिनांक 17.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे से पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और विस्तृत समीक्षा बैठक ली गई। पदभार ग्रहण करने के उपरांत आयोजित इस पहली औपचारिक बैठक में पुलिस अधीक्षक महोदय ने बारी-बारी से सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात उन्होंने जिले के सभी थानों व चौकियों के अंतर्गत भौगोलिक स्थिति, अपराधों के ग्राफ, लंबित मामलों, कानून व्यवस्था की वर्तमान स्थिति और संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में सघन समीक्षा की। इस उच्चस्तरीय बैठक में पुलिस अधीक्षक के साथ मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हेमसागर सिदार, श्री तारेश साहू (एसडीओपी भाटापारा), श्री कौशल किशोर वासनिक (उप पुलिस अधीक्षक, कैंप कसडोल), श्री संजय साहू (उप पुलिस अधीक्षक, यातायात), श्रीमती उषा सोंधिया (उप पुलिस अधीक्षक), जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक एवं पुलिस कार्यालय के समस्त विभागीय स्टाफ उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों पर लगेगी लगाम: जिले के 25 हजार से अधिक घुमंतू मवेशियों को पहनाया जाएगा रेडियम बेल्ट

- जनभागीदारी व प्रशासन के समन्वय से होग़ा घुमन्तु मवेशियों का प्रबंधन
- मावेशियों को खुला छोड़ने वाले पशु मालिकों पर लगेगा जुर्माना
- घुमन्तु पशुओं के प्रबंधन पर समीक्षा बैठक सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,18 जुलाई।** जिले में सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और उनके बेहतर प्रबंधन के लिए प्रशासन ने एक बड़ी पहल शुरू की है। जिले के लगभग 25649 घूमंतू मवेशियों को अब रेडियम बेल्ट पहनाया जाएगा, जिससे रात के अंधेरे में भी वाहन चालकों को ये पशु दूर से दिखाई दे सकें।कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत सभाक़क्ष में आयोजित घूमंतू पशु प्रबंधन की समीक्षा बैठक में ?यह निर्णय लिया गया।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि घूमंतू मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना, आवागमन अवरोध,जनहानि, खरीफसीजन में धान फसल की क्षति होती है। इसके साथ ही विभिन्न संचारी रोग का प्रसार और स्वच्छता भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि घूमंतू पशुओं का प्रबंधन केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और गौशालाओं का सहयोग लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत चरवाहा और 3 -4 सक्रिय युवाओ को मानदेय देकर रखें जो सडक से मवेशियों को हटाने का कार्य करेंगे।शासन की गौधाम योजना अंतर्गत संचालित सुरभि गौधाम एवं गौशाला में क्षमता अनुसार घुमन्तू मवेशियों को रखा जाए। कलेक्टर ने छुट्टा मवेशियों के बंध्याकरण के लिये अभियान चलाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय निकायों में भी सड़कों पर आवारा मवेशी विचरण न करें इसकी पुख्ता व्यवस्था हो।

लापरवाह पशु मालिकों पर कसेगा शिकंजा,लगेगा जुर्माना-समीक्षा बैठक के दौरान आवारा पशुओं की समस्या के मूल कारण पर भी सख्त रुख अपनाया गया। अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जो पशु मालिक अपने मवेशियों को दूध निकालने के बाद या जानबूझकर सड़कों पर खुला छोड़ देते हैं, अब उनके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए। सड़कों पर मवेशी खुला छोड़ने वाले पशु मालिकों की पहचान कर उन पर जुर्माना लगाया जाए।

दुर्घटना में मृत गौवंश का होग़ा ससम्मान दफ़्न- सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर गौवंश का पूरे सम्मान के साथ दफ़्न की प्रक्रिया पूरी करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि सडक दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृत गौवंश को उठाने जेसीबी की व्यवस्था से लेकर उपयुक्त तरीके से दफ़्नाने की व्यवस्था जनपद पंचायत को करनी होगी।उन्होंने पशु चिकत्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौवंश के बीमार होने या दुर्घटना की सूचना पर तत्काल मौक़े पर पहुंचे और जरुरी उपचार करें।?इस दौरान सरपंच, गौधाम एवं गौशाला संचालकों ने भी घूमनतू मवेशियों के प्रबंधन के सम्बन्ध में जरुरी सुझाव दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,उप संचालक पशु चिकत्सा सेवाएं डॉ.नरेंद्र सिंह सहित जनपद सीईओ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सरपंच, सचिव,गौशाला संचालक उपस्थित थे।

# अपराध पंजीबद्ध होने पर रेलवे अधिकारियों व रेलवे ठेकेदारों में मचा हड़कंप

- मामला बोरतालव थाना परिक्षेत्र का
- तीनों मासूम छात्रों की अंत्येष्टि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 18 जुलाई।** बोरतलाव - भारी गहमागहमी और गमगीन माहौल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 17 जुलाई शुक्रवार को तीनों मासूमों की अंत्येष्टि गांधीधाम मुक्तिधाम में किया गया। मौके पर ग्रामवासियों के आंसू नाम नहीं ले रहा था। इस दौरान अनुविभागीय पुलिस अधिकारी केसरी नंदन नायक व थाना प्रभारी अविनाश श्रीवास सहित पुलिस बल की उपस्थिति में कराई गई। बताया जाता है कि जिले के कलेक्ट जितेंद्र यादव के द्वारा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा के साथ साथ दोषियों के ऊपर कठोर कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजन एवं ग्रामवासियों के द्वारा अंतिम संस्कार तो कर दिया गया है परंतु अंत्येष्टि के बाद भी ग्रामवासियों में रेलवे ठेकेदारों के विरुद्ध भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि तीसरी रेल लाईन के निर्माण के दौरान बोरतलाव परिक्षेत्र के आसपास के क्षेत्रों में अवैध उत्खनन कर रेल लाईन में मुरूम डाला गया है और ऐसे स्थानों पर बारिश का पानी भर गया है और स्थानों पर सुरक्षा का कोई नामोनिशान नहीं है। भविष्य में कोई ऐसा हृदय विदारक घटना नहीं घटे इसको लेकर क्षेत्रवासी चिंतित नजर आ रहे हैं तो दूसरी ओर रेल प्रशासन के अधिकारी ऐसे गड्ढे भरे पानी से अपनी दूरी प्रेस नोट जारी कर बना लिया है। रेलवे के अधिकारी के द्वारा प्रेस नोट में यह कहा गया है कि ऐसे अवैध उत्खनन से रेलवे का कोई सारोकार नहीं है और मीडिया रेलवे ठेकेदारों को बदनाम करने की नीयत से समाचार प्रकाशित किया जा रहा है। परंतु ग्रामवासी से लेकर जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी साफ तौर पर यह पुष्टि किया जा रहा है कि आसपास के क्षेत्रों में अवैध उत्खनन कर तीसरी रेल लाईन के निर्माण मुरूम का उपयोग किया गया है जो रेल अधिकारी के सक्षम अधिकारियों के ऊपर कई प्रकार के सवाल खड़े कर रहे हैं। दबी जुबान के साथ कई जनप्रतिनिधि और ग्रामवासियों के द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा है कि रेलवे ठेकेदार व रेलवे के सक्षम अधिकारी व माइनिंग अधिकारियों के साथ मोटी रकम खिलाकर धड़ल्ले से क्षेत्र में अवैध उत्खनन किया गया है जिस पर रेल अधिकारी अपने गुनाहों पर पर्दा डालकर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इधर प्रार्थी की शिकायत पर रेलवे ठेकेदारों व अन्य दोषियों के ऊपर भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत अपराध क्रमांक 0051 धारा 106 (1) व 3(5) के तहत बोरतलाव थाना में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। इसको लेकर थाना प्रभारी से चर्चा करने पर बताया गया कि कंपनी के कुछ आदमियों को बुलाकर पूछताछ की जा रही है मुख्य आरोपी रेलवे ठेकेदार देश के बाहर जाने की जानकारी दी गई है। तो दूसरी तरफवर्तमान में दुर्ग स्टेशन से डोंगरगढ़ के बीच दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा चौथी रेल लाईन का निर्माण किया जा रहा है और इस निर्माण कार्य में जगह जगह से अवैध मुरूम का उत्खनन कर बिछाया जा रहा है जिसके कारण बड़े बड़े गड्ढे हो गए है और पानी भरा हुआ है। उन स्थानों पर सुरक्षा की कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है जिससे कोई अनहोनी घटना घटने की संभावनाओ से इंकार नहीं किया जा सकता। अपराध पंजीबद्ध होने के कारण रेल प्रशासन व ठेकेदारों में हड़कंप सा मचा हुआ है। इसको नागपुर डिवीजन मंडल प्रबंधक से प्रतिक्रिया लेने का संपर्क किया गया परन्तु संपर्क नहीं होने के कारण कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व सांसद व वर्तमान महापौर मधुसूदन यादव व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उचित कार्यवाही कराने भरोसा दिलाया परन्तु क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू के पहुंचने पर विधायक के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।

## रथयात्रा पर अंकुरित गजा मूँग प्रसादी वितरण किया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 18 जुलाई।** महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ जी की पावन रथयात्रा के शुभ अवसर पर तेलघानी नाका चौक, रायपुर में शहर जिला साहू संघ, माँ भानेश्वरी परिक्षेत्र साहू संघ एवं तात्यापारा-रामसागरपारा वार्ड साहू संघ के संयुक्त तत्वावधान में अंकुरित गजा मूँग प्रसादी वितरण कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री निरेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ प्रदेश महामंत्री श्री उधोप्रसाद साहू, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्री शशिकांत साहू, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ सलाहकार श्री सुरजीत साहू, घनश्याम साहू जी तथा प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री श्री हर्ष साहू ने सहभागिता करते हुए महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, युवा साथियों एवं मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं के बीच अंकुरित गजा मूँग प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सेवा, समरसता, संगठन एवं धार्मिक आस्था का संदेश प्रसारित हुआ। अंत में आयोजक संस्थाओं—शहर जिला साहू संघ, माँ भानेश्वरी परिक्षेत्र साहू संघ एवं तात्यापारा-रामसागरपारा वार्ड साहू संघ, रायपुर—के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।

# महापौर ने महावीर वार्ड नं. 37 में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिये किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 18 जुलाई।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 37, महावीर वार्ड में प्रस्तावित नवीन आंगनबाड़ी भवन क्रमांक 37/1 का भूमिपूजन आज महापौर मधुसूदन यादव के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, पुर्नवास एवं नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य श्री डीलेश्वर साहू,वार्ड पार्षद श्री जैनम बैद, पूर्व नामांकित पार्षद श्री हकीम खान, विशेष रूप से उपस्थित रहे। भूमिपूजन समारोह वार्ड के वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि नगर निगम शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनकल्याणकारी विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी भवन केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि बच्चों के बेहतर पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भवन क्षेत्र के बच्चों एवं महिलाओं के लिए उपयोगी साबित होगा तथा वार्ड के समग्र विकास में नई भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में पार्षद जैनम बैद ने वार्डवासियों की ओर से विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पांडे, महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं नगर निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महावीर वार्ड के विकास के लिए नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं और भविष्य में भी जनसुविधाओं के विस्तार के लिए सतत प्रयास जारी रहेंगे। भूमिपूजन समारोह में उत्तम गिड़िया, कैलाश बैद, मनीष गोलछा, दिलीप कोटड़िया, नरेश चोपड़ा, मनोज बैद, अरुण जैन, अजी साहब, भोला पारख, दीपचंद साहू, नीतू साहू, लक्ष्मी यादव सहित वार्ड के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में नागरिको की उपस्थिति रही।

### झाड़-फूंक और बैगागिरी की आड़ में महिला से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करने और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कदम उठाने हेतु नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय (भापुसे) के कड़े निर्देश एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिला पुलिस बल निरंतर सक्रिय है। इसी कड़ी में थाना गिधौरी-टुंडरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए झाड़-फूंक और बैगागिरी की आड़ में एक महिला से छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने वाले बुजुर्ग आरोपी बैगा को गिरफ्तार कर करने में सफलता हासिल की है। झाड़-फूंक के बहाने की थी अश्लील हरकत- दिनांक 16.07.2026 को सायं 06.30 बजे पीड़िता के परिवार में अस्वस्थता (शरीर में दर्द) होने के कारण घरेलू उपचार और पारंपरिक झाड़-फूंक के लिए स्थानीय स्तर पर बैगा का काम करने वाले आरोपी ननका साहू उर्फ राम कृपाल साहू को घर बुलाया गया था।

## खण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन पर हुई चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,18 जुलाई।** खण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की मासिक बैठक शुक्रवार को जनपद कार्यालय बलौदाबाजार सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रूप से प्रधामनत्री जी की अतिमहत्वकांक्षी योजना पीएम सूर्यघर ऋण योजना के साथ स्व सहायता समूह लिंकेज एवं ऋण वितरण,एनआरएलएम,कृषको को दिए जाने वाले ऋण,किसान क्रेडिट कार्ड,डेयरी व्यवसाय , मछली पालन इत्यादि पर भी चर्चा हुई। वित्तीय साक्षरता पर जोर देते हुए सहायक मुख्य कार्य पालन अधिकारी ने कहा कि आरोह एनजीओ संस्था जो सीएफएल के माध्यम से विभिन्न केंद्रों में वित्तीय साक्षरता के लिए किए जा रहे कार्यों में बैंक मित्र, एफएलसीआरपी, पीआरपी सहयोग प्रदान करें. बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक शिवकुमार कंवर एवं ब्लॉक के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक और ब्लॉक स्तर के विभिन्न बैंकों में कार्य कर रहे बैंक मित्र, एफएलसीआरपी, पीआरपी बहुत संख्या में उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जिला अर्थशाला का किया निरीक्षण, किसानों और समूह की महिलाओं को भी प्रशिक्षण देने के निर्देश

- छात्रों से किया आत्मीय संवाद, डिजिटल बैंकिंग, सायबर फ्रॉड सहित कैरियर के सम्बन्ध में दिये महत्वपूर्ण टिप्स

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 18 जुलाई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल परिसर में संचालित जिला अर्थशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी अधिकारी एवं प्रशिक्षको से वहां उपलब्ध सुविधाओं और प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने छात्रों के साथ ही किसानों और समूह की महिलाओं को भी डिजिटल बैंकिंग और साइबर फ्रॉड से बचने हेतु प्रशिक्षण के लिये हर माह विकासखंडवार लगभग 600 लोगों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण हेतु आए भारती विद्या मंदिर भाटापारा के कक्षा 12 वीं के छात्रों के साथ आत्मीयता के साथ संवाद किया। उन्होंने छात्रों से पूछा कि अर्थशाला में किस किस विषय के सम्बन्ध में जानकारी मिली, डिजिटल बैंकिंग, सायबर फ्रॉड, शेयर मार्केट चालू और बचत खाता की कितनी जानकारी है। उन्होंने छात्रों को कैरियर के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण टिप्स भी दिये। कलेक्टर ने कहा कि आज का समय डिजिटल बैंकिंग का दौर है इसलिए इसके बारे में जानना जरुरी है। डिजिटल बैंकिंग में जितनी सुविधा है उतनी जोखिम भी है। उन्होंने कहा कि यहां से जो जानकारी लेकर जा रहे है उसे अपने माता -पिता और अन्य बुजर्गो को भी बताएं कि किस तरह डिजिटल धोखोधड़ी से बचने सतर्क रहना है।

कलेक्टर श्री शर्मा ने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के लिये आने वाले छात्रों के लिये बैंकिंग,बीमा,शेयर मार्केट,डिजिटल फॉड से बचने के उपाय से सम्बंधित नोट्स भी उपलब्ध कराएं ताकि घर जाने पर उन महत्वपूर्ण जानकारी को समय -समय पर पढ़ते रहे। उन्होंने कहा कि किसी विषय पर बच्चों को कोई शंका हो तो उसे जरुर दूर करें।

प्रशिक्षकों ने विभिन्न उत्पादों के ब्रांड सिंबल,डुप्लीकेसी से बचने तथा शेयर मार्केट में ध्यान रखने वाली महत्वपूर्ण बातो को बताया। इसके साथ कई तरह के स्पोर्ट्स क्विज के बारे में भी बताया गया।उन्होंने बताया कि जिला अर्थशाला की शुरुआत 1 नवम्बर 2025 से हुआ है और अब तक लगभग 2500 छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली, जिला शिक्षा अधिकारी संदीप शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## समय पर उपचार ही सर्पदंश से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 जुलाई।** वर्षा ऋतु के दौरान खेतों, झाड़ियों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में साँपों के निकलने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे समय में थोड़ी सी सावधानी और सर्पदंश होने पर सही प्राथमिक उपचार अपनाकर बहुमूल्य जीवन बचाया जा सकता है। सर्पदंश में तत्काल अस्पताल लेजाकर उपचार कराना ही सबसे प्रभावी उपाय है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने जिले वासियों से अपील की है कि सर्पदंश को गंभीर आपातकालीन स्थिति मानें तथा किसी भी प्रकार के अंधविश्वास या घरेलू उपचार के बजाय तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में उपचार प्राप्त करें। नोडल अधिकारी डॉ नवदीप बाँधे ने बताया कि सर्पदंश एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है लेकिन समय पर अस्पताल पहुँचने और एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध होने से अधिकांश मरीजों का सफल उपचार संभव है। कुछ लोग अंधविश्वास में पड़ कर पीड़ित व्यक्ति की झाड़-फूँक करवाते हैं जिससे समय नष्ट होता है और खतरा बढ़ जाता है। यदि सर्प ने काट लिया है तो मरीज को घबराना नहीं है, मरीज को शांत रखें और तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल ले जाएं और मरीज को अधिक चलने-फिरने न दें तथा प्रभावित अंग को यथासंभव स्थिर रखें।घाव वाली जगह को न काटें, न चूसें और न ही जलाएँ।प्रभावित स्थान पर कसकर पट्टी बिल्कुल न बाँधें।शराब, तंबाकू या किसी भी प्रकार का घरेलू उपचार न करें।किसी भी साँप की पहचान करने के प्रयास में समय न गंवाएँ, बल्कि हर सर्पदंश को गंभीर मानकर तत्काल उपचार हेतु अस्पताल पहुँचें।


# फोकस कमाई पर है, समस्या के समाधान पर नहीं

हर संस्था के अपने बहुत खर्चे होते हैं। इसलिए पैसों की जरूरत तो हमेशा रहती है। पैसों की जरूरत रहती है इसलिए पैसे कहां आएंगे और आ सकते हैं, इस पर विचार किया जाता रहता है और उपाय भी किए जाते रहते हैं। रायपुर नगर निगम को भी पैसों की बहुत जरूरत रहती है, इसलिए वह भी निगम के आय बढ़ाने पुराने उपायों पर अमल करती है और नए उपाय सोचती रहती है।इस बार रायपुर नगर निगम ने अवैध नल कनेक्शनों को वैध करके पैसा कमाने को सोचा। इस बार सोचा गया कि निगम क्षेत्र में ९० हजार अवैध कनेक्शन है,उनको वैध किया जाता है तो निगम को अच्छी खासी कमाई हो सकती है।इसके लिए निगम के पहले प्रस्ताव में बताया गया कि किसी का नल कनेक्शन यदि अवैध और वह वैध कराना चाहता है तो वह निगम को २० हजार रुपए देकर अपना नल कनेक्शन वैध करा सकता है। निगम ने सोचा था अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने का वह लोगों को प्रस्ताव देगी तो ९० हजार अवैध नल कनेक्शन निगम क्षेत्र मे हैं तो अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने के लिए लोगों की भीड़ निगम में लग जाएगी और निगम को एक कनेक्शन का २० हजार रुपए मिलेगा तो हजारों कनेक्शन का तो बहुत पैसा मिलेगा।निगम ने अपने प्रस्ताव में बताया था कि आवासीय अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने के लिए तय समय सीमा के भीतर ५ हजार रुपए नियमितीकरण शुल्क और १५८८२ रुपए वैध कनेक्शन शुल्क यानी कुल २०८८२ रुपए लोगों को देना होगा। इसके साथ ही लोगों को आगाह भी किया गया था कि यदि तय समय सीमा के भीतर लोग अपने अवैध नल कनेक्शन को वैध नहीं कराते हैं तो उनका नल कनेक्शन काटा जाएगा। तय समय सीमा बीत गई है और लगता है कि निगम ने जितनी उम्मीद की थी लोग बड़ी संख्या में अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने के लिए आएंगे. उससे बहुत कम लोग ही अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने निगम पहुंचे है यानी निगम ने अवैध नल कनेक्शन को वैध करने पर जितनी कमाई होने की उम्मीद की थी, उतनी कमाई तय समय सीमा नहीं हुई है। निगम को पैसों की जरूरत है और अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने के पहले प्रस्ताव पर लोगों की भीड़ निगम में नहीं जुटी और अपेक्षित कमाई नहीं हुई तो कमाई के लिए निगम ने अब अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने के लिये दूसरा प्रस्ताव दिया है।दूसरे प्रस्ताव में अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने के लिए तय राशि की जगह संबंधित क्षेत्र के अनुसार लागू नए नल कनेक्शन का शुल्क लेने का फैसला किया गया है।यह लगभग १० हजार रुपए होगा।इसके लिए निगम में १६ जुलाई से १५ अक्टूबर तक आवेदन दिया जा सकता है। यानी निगम ने लोगों को अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने के लिए और समय दिया है तथा पहले से कम पैसे में अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने का एक और मौका दिया है। इससे लगता तो यह है कि निगम चाहता है कि जितने लोगों को अवैध नल कनेक्शन हैं, वह सब वैध करा लें लेकिन हकीकत में निगम को पैसों की जरूरत है और अवैध नल कनेक्शन के वैध होने पर ही कमाई हो सकती है, इसलिए निगम ने पैसे भी कम कर दिये और समय् भी बहुत दिया है ताकि जो लोग पिछली बार अवैध नल कनेक्शन को वैध नही करा पाएं निगम को कम पैसे देकर करा लें। ऐसा नहीं है कि निगम ने लोगों को अपने अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने का मौका दिया है तो निगम क्षेत्र में अवैध नल कनेक्शन बंद हो जाएंगे। निगम के कुछ ठेकेदार अवैध नल कनेक्शन दिलाना बंद कर देंगे या लोग अवैध नल कनेक्शन लेना बंद कर देंगे। अवैध नल कनेक्शन तो हमेशा होता रहता है और हमेशा होता रहेगा। क्योंकि इससे निगम के कुछ लोगों व ठेकेदारों की कमाई होती है। बताया जाता है कि एक अवैध नल कनेक्शन का १४ से १५ हजार रुपए लिया जाता है।निगम में इस गोरखधंधे को अब तक कोई रोक नहीं पाया यानी महापौर आते जाते हैं लेकिन अवैध नल कनेक्शन का धंधा चलता रहता है। जब किसी महापौर को लगता है कि अवैध कनेक्शन बहुत हो गए है उनको वैध करके कमाई की जा सकती है तो वह कमाई के लिए अवैध नल कनेक्शन को वैध करने का मौका देता है। महापौर कोई भी हो राजधानी के २० से ज्यादा वार्डों में पानी की समस्या रहती है।इस समस्या को कोई महापौर हल नहीं कर पाया है।ऐसा भी नहीं है कि निगम क्षेत्र के अवैध नल कनेक्शन वैध हो जाने से शहर वाडों और टेल एरिया में पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी।गर्मी के मौसम में पानी की समस्या तो जिन वार्डों में आज है आगे भी रह सकती है।क्योंकि नलो को नियमितीकरण कमाई के लिये किया जा रहा है।इस बार की गर्मी का मौसम खत्म हो गया और अब मान लिया जाएगा कहीं पानी की कोई समस्या नहीं है।अगली गर्मी आने पर पानी की समस्या पर फिर से विचार किया जाएगा। अवैध कनेक्शन के कारण पानी की जो समस्या होती है वह नलों के वैध हो जाने पर भी बनी रहेंगी क्योंकि टंकी की क्षमता से ज्यादा नल कनेक्सशन हो जाते हैं तो पानी का प्रेशर कहीं कहीं कम हो जाता है और पानी कम आता है और नहीं भी आता है। टंकी की क्षमता तो बढ़ाई नहीं जा सकती। वैध नलों की संख्या बढ़ेगी तो पानी की समस्या तो वैध नल कनेक्शन के बाद भी बनी रह सकती है।

विश्लेषण

# विदेश से भारत की संप्रभुता-सुरक्षा के खिलाफ डिजिटल वार

संजय सक्सेना,लखनऊ



दुनिया में युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। कभी देशों को कमजोर करने के लिए सीमा पर सेना उतारी जाती थी, अब वही काम मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए किया जा रहा है। इस युद्ध में न तो टैंक दिखाई देते हैं और न ही मिसाइलें, लेकिन इसका असर किसी पारंपरिक युद्ध से कम नहीं होता। इसका लक्ष्य दुश्मन के शहरों पर कब्जा करना नहीं, बल्कि उसके समाज में अविश्वास, भय और विभाजन पैदा करना होता है। भारत, जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ-साथ सबसे बड़ा डिजिटल समाज भी बन चुका है, पिछले एक दशक से इसी अदृश्य युद्ध का प्रमुख निशाना बना हुआ है। भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 95 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जबकि सोशल मीडिया से जुड़े लोगों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंच चुकी है। हर दिन करोड़ों भारतीय मोबाइल पर समाचार देखते हैं, राय बनाते हैं और उसे आगे भी भेजते हैं। यही वजह है कि भारत दुनिया के उन देशों में शामिल हो गया है, जहां सूचना को हथियार बनाकर सामाजिक माहौल प्रभावित करने की सबसे अधिक कोशिश होती है। सुरक्षा एजेंसियां कई बार संकेत दे चुकी हैं कि सीमा पार बैठे संगठित नेटवर्क भारतीय नामों, तस्वीरों और स्थानीय भाषाओं का इस्तेमाल कर ऐसे फर्जी खाते तैयार करते हैं, जिन्हें देखकर सामान्य व्यक्ति यह समझ ही नहीं पाता कि उसके सामने बैठा व्यक्ति वास्तव में किसी दूसरे देश से अभियान चला रहा है। इस डिजिटल हमले की पहली गंभीर झलक 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों में दिखाई दी। हिंसा भड़काने के लिए पाकिस्तान का नहीं, बल्कि दूसरे देश का एक पुराना वीडियो उत्तर प्रदेश का बताकर प्रसारित किया गया। जांच में वीडियो फर्जी निकला, लेकिन तब तक समाज में तनाव फैल चुका था। यही वह दौर था जब पहली बार यह महसूस किया गया कि मोबाइल स्क्रीन पर चलने वाला झूठ जमीन पर खून-खराबे की वजह बन सकता है। इसके बाद 2017 और 2018 में बच्चा चोरी की अफवाहों ने पूरे देश को झकझोर दिया। व्हाट्सएप पर कुछ सेकंड के वीडियो और झूठे संदेशों ने ऐसी दहशत फैलाई कि असम, महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड, त्रिपुरा और तमिलनाडु सहित अनेक राज्यों में भीड़ ने निर्दोष लोगों को बच्चा चोर समझकर पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस जांच में अधिकांश मामलों में कोई संगठित बच्चा चोरी गिरोह नहीं मिला, लेकिन सोशल मीडिया पर फैली अफवाहें इतनी मजबूत हो चुकी थीं कि सच की कोई कीमत नहीं रह गई थी। कोरोना महामारी के दौरान यह सूचना युद्ध और खतरनाक हो गया। किसी समुदाय को संक्रमण फैलाने वाला बताया गया, कहीं झूठे घरेलू इलाज वायरल किए गए, तो कहीं वैक्सीन को लेकर तरह-तरह की अफवाहें फैलाई गईं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 'इन्फोडेमिक' कहा, यानी ऐसी महामारी जिसमें बीमारी से ज्यादा झूठ फैलता है। भारत में भी करोड़ों लोगों तक ऐसे संदेश पहुंचे जिनका चिकित्सा विज्ञान से कोई संबंध नहीं था। इसके बाद नागरिकता संशोधन कानून, दिल्ली हिंसा और किसान आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया पूरी तरह राजनीतिक युद्ध का मैदान बन गया। वास्तविक मुद्दों के साथ-साथ हजारों ऐसे वीडियो और तस्वीरें साझा की गईं जिनका घटना से कोई संबंध नहीं था। कुछ पुराने वीडियो नए बताकर वायरल किए गए तो कुछ तस्वीरों को संदर्भ से काटकर प्रस्तुत किया गया। किसान आंदोलन के दौरान तथाकथित टूलकिट विवाद ने यह सवाल खड़ा किया कि क्या भारत के आंतरिक आंदोलनों को विदेशी डिजिटल नेटवर्क दिशा देने की कोशिश कर रहे हैं। जांच एजेंसियों ने कई डिजिटल कड़ियों की जांच की और यह स्पष्ट हुआ कि सोशल मीडिया अब केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि रणनीतिक अभियान चलाने का औजार भी बन चुका है। 2023 में मणिपुर हिंसा ने इस खतरे को और स्पष्ट कर दिया। कई ऐसे वीडियो, जो महीनों पुराने थे या दूसरे देशों के थे, उन्हें मणिपुर का बताकर वायरल किया गया। एक फर्जी वीडियो ने हजारों किलोमीटर दूर बैठे लोगों के मन में भी गुस्सा और अविश्वास पैदा कर दिया। यह दिखाता है कि डिजिटल दुष्प्रचार अब किसी एक राज्य तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे देश का माहौल प्रभावित कर सकता है। 2024 के आम चुनावों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इस युद्ध को नया आयाम दिया। नेताओं की आवाज बदलकर भाषण तैयार किए गए, नकली वीडियो बनाए गए और ऐसे संदेश प्रसारित किए गए जिन्हें सामान्य व्यक्ति आसानी से पहचान नहीं सकता था। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि आने वाले वर्षों में डीपफेक लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन सकता है। 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े सैन्य तनाव ने इस खतरे को वास्तविक रूप में सामने ला दिया। जैसे ही सीमा पर सैन्य गतिविधियां तेज हुईं, सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो की बाढ़ आ गई। गाजा युद्ध के दृश्य भारत-पाक संघर्ष बताकर चलाए गए। पुराने विस्फोटों के वीडियो को ताजा सैन्य कार्रवाई बताया गया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार तस्वीरों ने भ्रम और बढ़ा दिया। कुछ विदेशी खातों ने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले के झूठे दावे किए, जबकि दूसरी ओर भारतीय कार्रवाई को लेकर भी मनगढ़ंत वीडियो फैलाए गए। बाद में सरकारी एजेंसियों ने ऐसे अनेक दावों का खंडन किया और बड़ी मात्रा में भ्रामक सामग्री को हटाने की कार्रवाई की। विशेषज्ञों का कहना है कि आधुनिक डिजिटल युद्ध का सबसे बड़ा हथियार 'बॉट नेटवर्क' हैं। हजारों स्वचालित खाते एक ही समय में एक जैसा संदेश प्रसारित करते हैं। इससे किसी झूठे विषय को भी ऐसा दिखाया जाता है, जैसे पूरा देश उसी पर चर्चा कर रहा हो। इसके साथ ही भुगतान लेकर काम करने वाले ट्रोल समूह, नकली समाचार वेबसाइटें और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार सामग्री मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं कि सामान्य नागरिक के लिए सच और झूठ में अंतर करना कठिन हो जाता है। इस पूरे खेल का आर्थिक पक्ष भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। सोशल मीडिया पर जितना अधिक विवाद होगा, उतनी अधिक पहुंच मिलेगी। पहुंच बढ़ेगी तो विज्ञापन और कमाई भी बढ़ेगी। यही कारण है कि कुछ प्रभावशाली खाते बिना किसी सत्यापन के सनसनीखेज सामग्री साझा करते हैं। कई बार उन्हें यह भी पता नहीं होता कि उनका साझा किया गया संदेश किसी विदेशी दुष्प्रचार अभियान का हिस्सा बन चुका है। भारत सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को सख्त बनाया, सोशल मीडिया मंचों की जवाबदेही बढ़ाई और डीपफेक जैसी नई चुनौतियों को लेकर लगातार परामर्श जारी किए। साइबर सुरक्षा एजेंसियों की क्षमता भी बढ़ाई गई है। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि केवल कानून इस लड़ाई को नहीं जीत सकते। जब तक नागरिक स्वयं डिजिटल रूप से जागरूक नहीं होंगे, तब तक किसी भी विदेशी अभियान को रोकना कठिन रहेगा। आज सबसे बड़ी आवश्यकता डिजिटल साक्षरता की है। लोगों को यह सिखाना होगा कि किसी वीडियो का स्रोत कैसे जांचें, किसी तस्वीर की वास्तविकता कैसे परखें और किसी वायरल संदेश पर विश्वास करने से पहले आधिकारिक पुष्टि क्यों जरूरी है। यदि समाज तथ्य जांच की आदत विकसित कर ले, तो दुष्प्रचार की सबसे मजबूत कड़ी अपने आप टूट जाएगी। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता, लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक समरसता है। इसलिए विदेशी दुष्प्रचार का पहला निशाना भी यही बनता है। डिजिटल युद्ध का उद्देश्य केवल झूठ फैलाना नहीं, बल्कि भारतीयों के बीच भरोसा खत्म करना है। आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डीपफेक और स्वचालित प्रचार तंत्र इस चुनौती को और गंभीर बनाएंगे। ऐसे दौर में सीमा पर तैनात सैनिक जितने आवश्यक हैं, उतना ही जरूरी हर वह नागरिक भी है जो मोबाइल पर आए हर संदेश को आंख बंद करके सच नहीं मानता। आधुनिक भारत की सुरक्षा अब केवल सीमा चौकियों पर नहीं, बल्कि हर हाथ में मौजूद मोबाइल स्क्रीन पर भी तय होगी।

## सु- दोकु क्र.103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -103

[illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 102 का हल



## परम मोक्ष का पासवर्ड

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

संदीप जी के जीवन का इकलौता लक्ष्य था, मोक्ष। वैसे मोक्ष का मतलब उन्होंने 'सरकारी नौकरी से रिटायरमेंट' ही समझ रखा था, लेकिन अड़तालीस साल की उम्र में जब उनके दाएँ हाथ की उंगली पर एक काला तिल निकला, तो उन्होंने उसे कैंसर मान लिया। संदीप जी छोटी-सी बात को सीधे ब्रह्मांडीय त्रासदी बना देते थे। उन्होंने तुरंत तय किया कि वह परम शांति की खोज में हिमालय जाएँगे। संदीप जी ने एक चमकीला संन्यासी कुर्ता ख़रीदा, एक पीतल का लोटा लिया और अपनी बीवी से बोले, "सुषमा, माया का धागा टूट चुका है। मैं जा रहा हूँ।" सुषमा ने कढ़ाई में पूड़ियाँ तलते हुए बिना मुड़े कहा, "रास्ते में बिजली का बिल जमा कर देना, आखरी तारीक है।"



मोक्ष की राह में पहला रोमांच यही था कि उन्हें बिजली ऑफिस की लाइन में लगना पड़ा। वहाँ एसी बंद था, पसीने की बूंदें उनकी पीठ पर रेंग रही थीं। अचानक, उनके पीछे खड़े एक रहस्यमयी, जटाधारी बाबा ने उनके कान में फुसफुसाया, "बच्चा, तुम जिस मोक्ष को खोज रहे हो, वह इस लाइन के पार है।" संदीप जी के रोंगटे खड़े हो गए। बाबा की आँखों में एक अजीब-सी चमक थी।

"क्या सचमुच बाबा?" संदीप जी की आवाज़ काँप उठी।

"हाँ, काउंटर नंबर चार पर जाओ। वहाँ 'काल-भैरव' बैठे हैं। उन्हें यह कोड वर्ड बोलना, फॉर्म 16-बी।"

संदीप जी का दिल धक-धक करने लगा। यह कोई मामूली साधना नहीं थी। वह रेंगते हुए काउंटर चार पर पहुँचे। वहाँ एक कड़क चश्मे वाले क्लर्क ने उन्हें घूरा, जैसे वह कोई यमराज का पीए हो। संदीप जी ने थरथराते होंठों से कहा, "फॉर्म 16-बी..."क्लर्क ने एक पीला, धूल से सना कागज निकाला और कहा, "इस पर दस्तखत करो और अपनी तीन पीढ़ियों का आधार कार्ड लगाओ।"

तभी खिड़की के बाहर अचानक भयंकर बिजली कड़की। पूरा ऑफिस अंधेरे में डूब गया। काउंटर के पीछे से क्लर्क गायब था, और वहाँ एक स्क्रीन चमक रही थी, जिस पर लिखा था: "यदि आप सचमुच मोक्ष चाहते हैं, तो अपना पासवर्ड दर्ज करें, जिसे आप पांच साल पहले भूल चुके हैं।"

संदीप जी के पैर काँपने लगे। यह एक आत्मिक संकट था। इंटरनेट बैंकिंग का पुराना पासवर्ड याद न आना ही असली नरक था। उनके रोंगटे खड़े थे, पसीना बह रहा था। उन्होंने काँपते हाथों से टाइप किया, Sushma@123। स्क्रीन पर लाल अक्षरों में लिखा आया, "अमान्य! आपकी आत्मा अभी और तड़पेगी।"तभी उनके फोन पर एक मैसेज टोन बजी। सुषमा का मैसेज था, "सुनो, बिजली बिल का नहीं, अपनी जीवन बीमा की क़िस्त का आखरी दिन है आज। मरना मत अभी।" संदीप जी को समझ आ गया। असली हिमालय बिजली ऑफिस की यह लाइन ही थी, और असली मोक्ष? वह तो बस शाम की चाय के साथ मिलने वाली दो गालियों में था। वह लोटा छोड़कर घर की तरफ़ भाग खड़े हुए।

## प्राकृतिक और जैविक स्किन केयर उत्पादों का उपयोग करने से मिल सकते हैं ये फायदे

आजकल बाजार में प्राकृतिक और जैविक स्किन केयर उत्पादों की भरमार है। ये उत्पाद न केवल त्वचा की देखभाल करते हैं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते हैं। इनका उपयोग करने से त्वचा को प्राकृतिक पोषण मिलता है और हानिकारक रसायनों से बचाव होता है। इस लेख में हम जानेंगे कि प्राकृतिक और जैविक स्किन केयर उत्पादों का उपयोग कैसे फायदेमंद हो सकता है और इन्हें अपनी दिनचर्या में कैसे शामिल किया जा सकता है। प्राकृतिक और जैविक स्किन केयर उत्पादों में हानिकारक रसायनों की मात्रा बहुत कम होती है या बिलकुल नहीं होती। इससे आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचने का खतरा नहीं रहता।

रसायनों वाले उत्पादों से त्वचा पर जलन, खुजली या एलर्जी हो सकती है। इसलिए प्राकृतिक और जैविक उत्पादों का चयन करना बेहतर होता है। ये उत्पाद आपकी त्वचा को प्राकृतिक रूप से पोषण देते हैं और उसे स्वस्थ बनाए रखते हैं, जिससे आपकी त्वचा चमकदार और निखरी हुई दिखती है। प्राकृतिक और जैविक स्किन केयर उत्पाद पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते हैं। इनमें किसी भी प्रकार के हानिकारक रसायन का उपयोग नहीं किया जाता, जिससे पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचता। इसके अलावा इन उत्पादों के निर्माण में प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है, जो पर्यावरण की सुरक्षा में मदद करता है।ये उत्पाद आसानी से प्रकृति में घुल जाते हैं और इनके अपशिष्टों को प्रकृति द्वारा आसानी से अवशोषित किया जा सकता है।

# भ्रष्टाचार :काली कमाई के पहाड़ जोड़ कर बैठे हैं भ्रष्टाचारी अधिकारी !

मनोज कुमार अग्रवाल



देश में भ्रष्टाचार लाइलाज बीमारी बन रहा है जिससे आम आदमी को रोजाना दो चार होना पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय संस्था 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' द्वारा जारी भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2025 के अनुसार, भारत 91वें स्थान पर है।इस सूची में 182 देशों को शामिल किया गया था, जिसमें भारत को 100 में से 39 अंक मिले हैं। 0 अंक का अर्थ 'अत्यधिक भ्रष्ट' और 100 अंक का अर्थ 'पूर्णतः पारदर्शी या ईमानदार' होता है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत की स्थिति में पिछली रैंकिंग के मुकाबले पांच स्थानों का सुधार हुआ है।

आपको बता दें कि देश के सिस्टम से जुड़े भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के पास भ्रष्टाचार व पद का दुरुपयोग कर जमा की गयी अकूत चल अचल संपत्ति का भंडार है। भारत में भ्रष्टाचारी अधिकारियों की धर-पकड़ और उनसे अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को जब्त (राजसात) करने के लिए बेहद कड़े कानूनी प्रावधान और सक्रिय जांच एजेंसियां काम कर रही हैं। हाल ही में जुलाई 2026 में उत्तर प्रदेश विजिलेंस और कर्नाटक लोकायुक्त द्वारा की गई बड़ी छापेमारी इस बात का जीवंत उदाहरण हैं, जहां भ्रष्ट अधिकारियों के गुप्त लॉकरों से करोड़ों रुपये नकद और किलो के हिसाब से सोना बरामद किया गया है। बता दें कि उत्तर प्रदेश सतर्कता विभाग (विजिलेंस टीम) ने जुलाई 2026 में आगरा के पूर्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में एक बड़ी कार्रवाई की है. विजिलेंस टीम ने उनके लखनऊ स्थित अलीगंज आवास पर छापेमारी कर करीब रु.35 करोड़ की बेहिसाब संपत्ति का खुलासा किया है, जिसके बाद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कानूनी जांच और कार्रवाई को तेज कर दिया गया है. उत्तर प्रदेश सतर्कता विभाग की छापेमारी में उनके घर के कोने-कोने से भारी मात्रा में घर के विभिन्न हिस्सों में पैकेटों में छिपाकर रखे गए रु.1.62 करोड़ नकद मिले.लगभग 13 किलोग्राम सोना और 9 किलोग्राम चांदी (बिस्किट, बार और आभूषण के रूप में) जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब रु.20 करोड़ आंकी गई है. लखनऊ, नोएडा, बाराबंकी और रायबरेली में कई मकानों, भूखंडों (प्लॉट्स), फ्लैटों और कृषि भूमि से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत रु.13 करोड़ के आसपास है.बैंक खातों, म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट और पोस्ट ऑफिस स्कीमों में रु.1 करोड़ से अधिक के निवेश के दस्तावेज मिले. इसके अलावा दो लग्जरी कारें इनोवा और आइ20 और एक रिवॉल्वर भी बरामद की गई है। रु.300 की घूस की शिकायत से खुला राज इस विशाल साम्राज्य का पर्दाफाश साल 2020 में हुई एक छोटी सी शिकायत से शुरू हुआ था। ललित कुमार जब कानपुर में तैनात थे, तब उन पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए रु.300 की रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। तत्कालीन परिवहन आयुक्त की अनुमति के बाद एंटी-करप्शन और विजिलेंस विभाग ने उनकी गोपनीय जांच शुरू की, जिससे उनकी आय से अधिक संपत्ति के इस बड़े मामले की परतें खुलती चली गईं. ललित कुमार अक्टूबर 2025 में आगरा से सेवानिवृत्त (रिटायर्ड) हुए थे.इस से छह दिन पूर्व 4 जुलाई को अकोला अकोला में हाल ही में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने किरण पुरुषोत्तम चौधरी सह-जिला निबंधक तथा मुद्रांक जिलाधिकारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की1 उनके खिलाफ रु.10,000 रिश्वत लेने का मामला दर्ज होने के बाद उनके जलगांव स्थित आवास पर छापेमारी की गई, जहां से रु.2.94 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति बरामद हुई है1 किरण पुरुषोत्तम चौधरी, तत्कालीन अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार और स्टाम्प ड्यूटी अधिकारी (श्रेणी-I), अकोला महारा एसीबी ने उन्हें 26 जून को रु.10,000 की रिश्वत लेते हुए पकड़ा था1बरामद की गई जलगांव स्थित घर पर छापेमारी कर रु.1.53 करोड़ से अधिक नकद रु.60 लाख के सोने के बिस्किट व आभूषण तथा अन्य कीमती धातुएं1 लगभग रु.62 लाख की बेनामी संपत्ति के कागजात1लगभग रु.2.94 करोड़1यह जब्ती महाराष्ट्र के नासिक, अकोला और जलगांव की एसीबी टीमों द्वारा संयुक्त रूप से की गई है1 इसी सप्ताह तेलंगाना के हैदराबाद में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस कंप्यूटर सर्विसेज में तैनात डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस संकीरेड्डी भीम रेड्डी को गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने अधिकारी के तेलंगाना और कर्नाटक स्थित कुल 16 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। शुरुआती जांच में करीब रु.300 करोड़ मूल्य की बेनामी संपत्ति के दस्तावेज मिले हैं। अधिकारी के ठिकानों से 2 किलोग्राम सोने के आभूषण और 20 किलोग्राम चांदी बरामद की गई है। छापेमारी के दौरान उनके घर से रु.3.60 लाख और एक अन्य ठिकाने से रु.40 लाख कैश मिला। रिश्तेदारों और बेनामियों के नाम पर 50 एकड़ से अधिक कृषि भूमि, व्यावसायिक भूखंड, कई लग्जरी फ्लैट और आलीशान विला के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। उनके बैंक खातों में लगभग रु.19.91 लाख जमा पाए गए हैं। एसीबी कोर्ट ने आरोपी डीएसपी भीम रेड्डी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में चंचलगुड़ा केंद्रीय जेल भेज दिया है। 25 फरवरी 2026 तीस हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए खनन विभाग के उप निदेशक देवव्रत महांति की गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की छापेमारी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।भुवनेश्वर स्थित उनके फ्लैट से 4 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई । इसके अलावा, महांति के कार्यालय की दराज और उनके पास से 1.20 लाख रुपये नकद भुवनेश्वर के पहाल क्षेत्र में लगभग 2400 वर्गफुट में बना एक भव्य दो मंजिला मकान, करीब 130 ग्राम सोना जब्त किया है।

उधर 9 जून 2026 भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में, तेलंगाना एंटी-करप्शन ब्यूरो ने रोड्स एंड बिल्डिंग्स विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ जे. मोहन नाइक और उनके रिश्तेदारों से जुड़ी कई प्रॉपर्टीज़ पर एक साथ छापे मारे. उन पर आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं ज़्यादा संपत्ति जमा करने का आरोप है.यह तलाशी हैदराबाद और राज्य के अन्य हिस्सों में जांच के दौरान अधिकारियों को सोने के बिस्किट, गहने, चांदी की चीजें, कैश और प्रॉपर्टी से जुड़े कई दस्तावेज़ मिले हैं. शुरुआती अनुमानों के अनुसार, जांच के दायरे में आई कुल संपत्ति की मार्केट वैल्यू 100 करोड़ रुपए से ज़्यादा हो सकती है। ये तो सिर्फ बानगी नमूना भर है देश भर में करीब एक सौ सरकारी कर्मचारी अधिकारीयों के कब्जे से आय से अधिक जुटाई गयी करोड़ों अरबों की संपति मिल रही है। एक एक अधिकारी ने सौ से तीन चार सौ करोड़ तक की अवैध संपत्ति जुटाने का काम किया है जिस से पता चल जाता है कि भ्रष्टाचार किस हद तक बढ़ गया है। केन्द्र में भारतीय जनतापार्टी की सरकार केन्द्र और विभिन्न प्रदेशों में आयी, भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टालरेंस का नारा तो रहा लेकिन स्थितियों में कोई विशेष अन्तर नहीं आया। भ्रष्टाचार के बारे जारी होने वाली ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की 182 देशों की रिपोर्ट में भारत 91 वें स्थान पर है। यह संस्था सरकार संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार की स्थिति का आकलन करती है और उसके आधार पर रैंकिंग तय करती है।यदि इस रैंक को न भी मानें तो भी आम आदमी से लेकर खास आदमी तक इससे प्रभावित है।सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भ्रष्टाचार समाप्त होने के बजाय निरन्तर बढ़ता ही जा रहा है। सार्वजनिक जीवन में अब इसे रिश्वत , घूस के बजाय सुविधाशुल्क और प्रथा के रूप में अपनाया जा चुका हैं। सिर्फ जीरो टालरेंस का नारा देने से भ्रष्टाचार समाप्त नहीं हो सकता है। निचले स्तर से लेकर उच्चस्तर पर कदम पर भ्रष्टाचार की विषबेल फैल रही हैं। पिछले दिनों एक हाइकोर्ट जज के आवास के कमरे में आग लगने पर नोटों से भरे बोरों का जलते देखा जाना और उस पर सटीक कारवाई नहीं किया जाने से पता चल जाता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार और यहां तक कि न्यायपालिका भी पर्याप्त गंभीर नहीं है। जाहिर है कि देश की उन्नति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है सरकार को गंभीरता से सख्त कदम उठाने चाहिए और आम चुनाव का मुद्दा भी भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग ही होना चाहिए क्योंकि पुलिस पटवारी से लेकर ऊंची न्याय की कुर्सियों तक भ्रष्टाचार की जड़ें देश को खोखला कर रहीं हैं और देश की तरक्की में बाधा उत्पन्न कर रहीं हैं।

# प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई



■ संजय मार्केट में फेरी वाहन से प्लास्टिक सामग्री जब्त, विक्रेता पर 10 हजार का जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जदलपुर, 18 जुलाई।** नगर निगम जगदलपुर ने शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के अभियान के तहत प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए संजय मार्केट क्षेत्र में एक फेरी वाहन से भारी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री जब्त की। कार्रवाई के दौरान विक्रेता पर ?10 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया।

नगर निगम की टीम ने संजय मार्केट में निरीक्षण के दौरान फेरी वाहन क्रमांक ब्ळ 17 भ् ×117 में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का विक्रय करते हुए जगदलपुर निवासी महाँगी लाल जैन को पकड़ा। स्व'छता निरीक्षक अजय बानिक एवं शेखर भारती की मौजूदगी में वाहन से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित विक्रेता पर ?10, हजार का जुर्माना लगाया गया तथा पूरी सामग्री निगम के कब्जे में ले ली गई।

नगर निगम आयुक्त श्री प्रवीण वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और शहर की स्व'छता बनाए रखने के लिए प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण, भंडारण, परिवहन, विक्रय और उपयोग के खिलाफअभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या प्रतिष्ठान के विरुद्ध बिना किसी पूर्व सूचना के नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम ने शहरवासियों, व्यापारियों एवं प्रतिष्ठान संचालकों से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग और विक्रय पूरी तरह बंद करने की अपील की है। इसके स्थान पर कपड़े, जूट, कागज और अन्य पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने का आग्रह किया गया है। साथ ही नागरिकों से यह भी कहा गया है कि यदि कहीं प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का निर्माण, भंडारण, परिवहन या बिक्री होती दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल नगर निगम को दें।

## एक नजर

### सेवा-सेतु पोर्टल से अब बनेंगे राशन कार्ड

**बीजापुर,18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा-सेतु पोर्टल पर नई सेवाओं की शुरुआत की गई है। अब नागरिक नया राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड में सदस्य जोड़ने तथा सदस्य विलोपित (नाम हटाने) जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए सेवा-सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इन नई सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रक्रिया से अवगत कराने के उद्देश्य से कार्यालय कलेक्टर, बीजापुर के इन्द्रावती सभा कक्ष में जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी, बीजापुर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग प्रमुख द्वारा बताया कि सेवा-सेतु पोर्टल पर नई सेवाओं के प्रारंभ होने से नागरिकों को राशन कार्ड संबंधी कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। साथ ही, सेवाओं का लाभ अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हो सकेगा, जिससे आम नागरिकों को बेहतर एवं सुगम ऑनलाइन सेवाएं प्राप्त होंगी।

### मुख्यमंत्री सहायता कोष से दिव्यांग सैनिक को चेक प्रदान किया गया

**कांकेर, 18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के दिव्यांग सैनिक हवलदार श्री गजेन्द्र कुमार को मुख्यमंत्री सहायता कोष (कारगिल फंड) से स्वीकृत 02 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे ने आज अपरान्ह में अपने कक्ष में प्रदाय किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांग सैनिक हवलदार श्री गजेन्द्र को यह सहायता राशि भारतीय सेना द्वारा सियाचिन ग्लेशियर में चलाए गए ऑपरेशन रक्षक 2003 के दौरान उनकी सेवाओं के सम्मान एवं सहयोग स्वरूप प्रदान की गई है।

### छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा का कलेक्टर-एसपी ने किया आत्मीय स्वागत

**कांकेर 18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा बस्तर प्रवास के दौरान आज सुबह 11 बजे शासकीय विश्राम गृह कांकेर पहुंचे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, एसपी श्री निखिल राखेचा और जिला एवं सत्र न्यायालय कांकेर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री भास्कर मिश्र ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा को पुलिस प्रशासन की ओर से 'गॉर्ड ऑफ ऑनर' के साथ सलामी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे, एएसपी श्री योगेश साहू, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे सहित जिला प्रशासन, पुलिस और जिला न्यायालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### रोजगार मेले में उमड़ा युवाओं का उत्साह

**दंतेवाड़ा, 18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, दंतेवाड़ा द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज, दंतेवाड़ा में रोजगार मेले का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। रोजगार मेले में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए 250 से अधिक शिक्षित एवं रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न निजी कंपनियों के समक्ष साक्षात्कार दिया। मेले में विभिन्न निजी संस्थानों ने अलग-अलग पदों पर भर्ती प्रक्रिया संचालित की। एक्सिस बैंक द्वारा फील्ड ऑफिसर एवं रिलेशनशिप मैनेजर, श्रम इन द्वारा इलेक्ट्रीशियन तथा अग्रवाल मार्ट द्वारा सेल्स बॉय, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं सोशल मीडिया ऑपरेटर सहित कई पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। नियोजकों ने उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी दक्षता एवं कार्यकुशलता के आधार पर उनका मूल्यांकन किया। साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरांत विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल 36 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद संबंधित कंपनियों द्वारा अंतिम चयन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# जलकर नहीं चुकाया तो कटेगा नल कनेक्शन, होगी कुर्की की कार्रवाई

■ तीन माह में नगर निगम ने वसूले 1.30 करोड़ रुपये, 214 बकायादारों के कनेक्शन काटे, 138 अवैध नल कनेक्शन हटाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 18 जुलाई।** नगर निगम जगदलपुर द्वारा जलकर बकायेदारों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष वसूली अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पिछले तीन माह में निगम के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने जलकर के रूप में लगभग 01 करोड़ 30 लाख रुपये की रिकॉर्ड वसूली की है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं ने अब तक जलकर जमा नहीं किया है, उनके विरुद्ध अब और अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी।अभियान के तहत अब तक 138 अवैध नल कनेक्शनों को काटकर हटाया गया है। वहीं लंबे समय से जलकर का भुगतान नहीं करने वाले 214 बकायेदार उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन विच्छेदित किए जा चुके हैं। इसके अलावा 25 बकायेदारों को नोटिस जारी कर नियमानुसार बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि बकाया जलकर जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध नल कनेक्शन काटने के साथ-साथ नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुर्की एवं अन्य वैधानिक वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी। ऐसी स्थिति में संबंधित उपभोक्ताओं को अतिरिक्त शुल्क, कार्रवाई का खर्च तथा अन्य कानूनी दायित्व भी वहन करने होंगे। निगम अधिकारियों ने बताया कि जलकर से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के संचालन, पाइपलाइन के रखरखाव, नई जलापूर्ति योजनाओं के क्रियान्वयन तथा नागरिक सुविधाओं के विकास में किया जाता है। इसलिए समय पर जलकर जमा करना प्रत्येक उपभोक्ता का दायित्व है। नगर निगम जगदलपुर ने सभी जल उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए अपना बकाया जलकर शीघ्र जमा करें। निगम का विशेष वसूली अभियान आगामी दिनों में और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेगा तथा बकायेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### हरित दंतेवाड़ा की दिशा में बड़ा अभियान एक दिन में बने 1 लाख सीड बॉल

**दंतेवाड़ा, 18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में पर्यावरण संरक्षण और वनीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए जिला प्रशासन और कृषि विभाग के संयुक्त नेतृत्व में एक दिवसीय सीड बॉल (बीज बम) निर्माण महा-अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान जिलेभर से आए ग्रामीणों, महिला स्व-सहायता समूहों, युवाओं, विद्यार्थियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी से एक ही दिन में 1 लाख से अधिक सीड बॉल तैयार कर नई मिसाल कायम की गई। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी, जबकि कृषि विभाग ने इसकी तकनीकी जिम्मेदारी संभाली। विभाग द्वारा स्थानीय जलवायु के अनुरूप उपयुक्त मिट्टी, जैविक खाद और महुआ, इमली, हर्रा, बहेड़ा, जामुन, करंज, नीम, चार तथा खमार जैसी स्थानीय प्रजातियों के बीजों का चयन किया गया। ग्रामीणों और महिलाओं को पहले से प्रशिक्षण देकर गुणवत्तापूर्ण सीड बॉल तैयार करने की प्रक्रिया सिखाई गई। सीड बॉल तकनीक में मिट्टी, जैविक खाद और बीजों से छोटे-छोटे गोले तैयार किए जाते हैं, जिन्हें दुर्गम पहाड़ी एवं बंजर क्षेत्रों में फैलाया जाता है। बारिश के दौरान ये स्वतः अंकुरित होकर पौधों का रूप ले लेते हैं।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा



■ सीआरपीएफ170वीं वाहिनी के जवानों ने नंगे पांव खींचा रथ, जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा नगर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 18 जुलाई।** जिला मुख्यालय में सीआरपीएफ 170वीं वाहिनी द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ निकाली गई। धार्मिक परंपराओं के अनुसार विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया। रथ यात्रा का शुभारंभ होते ही सीआरपीएफ के जवानों ने नंगे पांव रथ खींचकर भगवान जगन्नाथ के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा और आस्था का परिचय दिया। पूरे मार्ग में जय जगन्नाथ के गगनभेदी जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ की आरती उतारकर रथ का भव्य स्वागत किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथ यात्रा में शामिल हुए और भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक उत्साह, अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सीआरपीएफ 170वीं वाहिनी द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन ने जवानों और स्थानीय नागरिकों के बीच सामाजिक एवं सांस्कृतिक समरसता का संदेश भी दिया।

## युवा कौशल दिवस पर 300 छात्राओं को दिया निःशुल्क प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार की जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 18 जुलाई।** युवा कौशल दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय परिसर, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत संचालित कन्या शिक्षा परिसर विद्यालय, बीजापुर के प्रांगण में करियर काउंसलिंग एवं कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 छात्राओं ने भाग लिया।

कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं युवाओं को भविष्य के लिए सक्षम, आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाना था। कार्यक्रम में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा, स्वरोजगार एवं व्यवसाय के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि छात्राएं विभाग द्वारा संचालित विभिन्न निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़कर रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं तथा प्रशिक्षण के पश्चात स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। साथ ही उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप करियर चयन के लिए विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन भी दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला, विकासखंड एवं परियोजना स्तर पर किया गया। इसके सफ्ल संचालन में स्कूल शिक्षा विभाग, रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 29 जुलाई को 'समर्थ' में लगेगा जिला स्तरीय कृत्रिम अंग प्रदाय शिविर

■ चिन्हांकन, परीक्षण और मूल्यांकन के बाद पात्र दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराए जाएंगे आवश्यक कृत्रिम अंग, प्रशासन ने तैयारियां की तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 18 जुलाई।** दिव्यांगजनों की शारीरिक समस्याओं को कम करने तथा उनकी गतिशीलता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (समर्थ), एजुकेशन सिटी बीजापुर में बुधवार 29 जुलाई को प्रातः 10 बजे से जिला स्तरीय कृत्रिम अंग प्रदाय शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर में दिव्यांगजनों का विशेषज्ञों द्वारा चिन्हांकन, मूल्यांकन एवं परीक्षण किया जाएगा। परीक्षण के उपरांत पात्र हितग्राहियों को आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।

शिविर के सफ्ल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी को शिविर स्थल पर मेडिकल बोर्ड की टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने, दिव्यांगजनों का परीक्षण कराने तथा आवश्यकतानुसार मेडिकल प्रमाण-पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, नगर पालिका परिषद बीजापुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा नगर पंचायत भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम के मुख्य नगर पंचायत अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के दिव्यांगजनों को शिविर की जानकारी देने तथा उन्हें शिविर स्थल तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला प्रशासन ने जिले के सभी पात्र दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (समर्थ), एजुकेशन सिटी बीजापुर पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं और उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

## कम बारिश में भी अच्छी पैदावार वाली धान की किस्मों से होगा लाभ

**बीजापुर 18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एल नीनो के प्रभाव से बीजापुर जिले में इस वर्ष अब तक सामान्य से 50त्र ही वर्षा हुई है, जिससे खरीफकी बुवाई में विलम्ब हो रही है। ऐसी परिस्थिति में किसान भाई वर्षा जल संचयन व जल संरक्षण कर कम अवधि व मध्यम अवधि धान की किस्में (90 से 110 व 110 से 130 दिन) जैसेः- MT-1010, IR-64, MTU-1156, MTU-1153 विक्रम- TCR आदि धान की किस्मों का खुर्रा एवं सीधी बोवाई करें। सीधी बोवाई से 20त्र पानी बचत होती है, साथ ही कास्त लागत लगभग 5000 रूपये प्रति एकड़ कम होती है तथा फ्सल भी 12-15 दिन पहले पक जाती है।

मरहान-टिकरा जमीन में कृषक धान के स्थान पर कोदो, कुटकी, रागी, मूंग, उड़द, अरहर, मक्का एवं तिलहन की खेती करें। ऐसे कृषकों को सरकार द्वारा इस वर्ष कृषक उन्नति योजना अन्तर्गत प्रति एकड़ 15000 रूपये सहायता राशि प्रदाय की जाएगी।आवश्यकतानुसार कृषक अपने फ्सलों में मल्चिंग/पलवार का उपयोग करें। इससे भूमि की नमी संरक्षित रहती है तथा फ्सलें सूखे के प्रभाव से सुरक्षित रहती है। किसान फ्सल विविधीकरण अपनाकर जोखिम करें तथा एक ही फ्सल पर निर्भरता से बचें।

किसान भाई एल-नीनो के प्रभाव से फ्सल नुकसान एवं क्षति से सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री फ्सल बीमा योजना अंतर्गत सभी कृषक अधिसूचित फ्सलों का बीमा करवाएं। अ्ऋणी किसान को बीमा कराने के लिए धान असिंचित हेतु 924 रूपये/हे. तथा धान सिंचित हेतु 1056 रूपये/हे. प्रीमीयम राशि जमा करना होगा। योजनांतर्गत बीमा करने हेतु अ्ऋणी कृषक नजदीकी लोक सेवा केन्द्र या अपने बैंक शाखा में आवेदन जमा कर या ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर फ्सल बीमा करा सकते हैं।

# गंभीर एनीमिया मरीजों के साथ संवेदनशील पहल, कलेक्टर ने की मुलाकात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 18 जुलाई।** मुख्यमंत्री यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग (॥स) अभियान के अंतर्गत गंभीर एनीमिया (सीवियर एनीमिया) से चिन्हित एवं रेफ्र किए गए मरीजों से शुक्रवार को कलेक्टर विश्वदीप ने जिले के बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपटनम एवं उसूर विकासखंड से आए कुल 20 मरीजों ने मुलाकात किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में संचालित अभियान के तहत कलेक्टर ने मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली तथा उनके परिजनों से चर्चा कर नियमित उपचार, आयरन-फोलिक एसिड की दवाओं का समय पर सेवन, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने तथा चिकित्सकों के निर्देशों का पालन करने की समझाइश दी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी रेफ्रल मरीजों का नियमित फॉलो-अप सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने सभी 20 गंभीर एनीमिया मरीजों को छाता एवं मच्छरदानी वितरित की। उन्होंने कहा कि मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें तथा व्यक्तिगत स्वच्छता और पोषण पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि बेहतर पोषण, समय पर उपचार और नियमित स्वास्थ्य जांच से एनीमिया जैसी गंभीर समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी ने बताया कि मुख्यमंत्री यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग अभियान के माध्यम से जिले में गंभीर एनीमिया सहित विभिन्न गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान कर मरीजों को आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। चिन्हित सभी मरीजों की निरंतर निगरानी एवं फॉलो-अप किया जा रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय अवसर



**बीजापुर 18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बीजापुर के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बीजापुर, उसूर, भैरमगढ, एवं भोपालपटनम में प्रवेश सत्र 2026-27 एवं 2026-28 में संचालित व्यवसाय एक वर्षीय व्यवसाय कोपा, मैकेनिक डीजल एवं द्विवर्षीय व्यवसाय फ्टिर एवं विद्युतकार में प्रवेश के लिये द्वितीय अवसर प्रदान करते हुए 17 जुलाई 2026 से 24 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने प्रवेश प्रक्रिया जारी किया गया है। प्रवेश के इच्छुक आवेदक स्वयं विभागीय वेबसाइट httpÑ//cgiti.admission.nic.in/ पर लॉगिन कर अथवा किसी भी लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# सेवा-सेतु से आसान हुआ आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 18 जुलाई।** शासन की योजनाओं और सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल, सुलभ एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने की दिशा में सेवा-सेतु केन्द्र प्रभावी माध्यम बनकर उभरे हैं। पहले लोक सेवा केन्द्र के रूप में संचालित इन केन्द्रों को अब आधुनिक स्वरूप देते हुए सेवा-सेतु केन्द्र बनाया गया है, जहां पहले 73 शासकीय सेवाएं उपलब्ध थीं, वहीं अब इनकी संख्या बढ़ाकर 442 डिजिटल सेवाएं कर दी गई है। इससे नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर ऑनलाइन माध्यम से आसानी से प्राप्त हो रही हैं।

सेवा-सेतु केन्द्रों के माध्यम से अब आय, जाति, निवास, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा-बी-1 की प्रतिलिपि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, श्रम पंजीयन, बिजली, पानी, राजस्व, पंचायत, नगरीय प्रशासन, खाद्य, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अनेक विभागों की सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिल रहा है। इससे नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और उनका समय तथा धन दोनों की बचत हो रही है।

### रायगढ़ में बड़ी संख्या में जारी हो रहे प्रमाण पत्र

रायगढ़ जिले में भी सेवा-सेतु केन्द्रों के माध्यम से बड़ी संख्या में नागरिकों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र




जारी किए जा रहे हैं। हाल के दिनों में रायगढ़ तहसील के विभिन्न सेवा-सेतु केन्द्रों के माध्यम से राजपाल सिदार, गिरधारी सिदार, मुकेश कुमार विशाल तथा टेकचंद उरांव

### पूरी प्रक्रिया समयबद्ध और पारदर्शी लोगों को नहीं होगी परेशानी

पहले आय, जाति अथवा निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नागरिकों को आवेदन जमा करने, दस्तावेजों की जांच कराने और प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कई बार कार्यालय जाना पड़ता था। अब सेवा-सेतु केन्द्रों के माध्यम से यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल हो गई है। आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ निकटतम सेवा-सेतु केन्द्र में आवेदन करता है, जिसके बाद आवेदन संबंधित विभाग तक ऑनलाइन पहुंच जाता है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सत्यापन होने के बाद प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है। पूरी प्रक्रिया समयबद्ध और पारदर्शी होने से नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

सहित अनेक आवेदकों को समय-सीमा के भीतर प्रमाण पत्र जारी किए गए। आवेदनों का ऑनलाइन पंजीयन, दस्तावेजों का सत्यापन तथा प्रमाण पत्र का निर्गमन पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया के तहत किया गया। इसी प्रकार प्रतिदिन जिले के विभिन्न सेवा-सेतु केन्द्रों में बड़ी संख्या में नागरिक शासकीय सेवाओं के लिए आवेदन कर रहे हैं और निर्धारित समयावधि में सेवाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इससे शासन की डिजिटल सेवा प्रणाली के प्रति लोगों का विश्वास भी लगातार बढ़ रहा है।

### डिजिटल ट्रैकिंग से बढ़ी पारदर्शिता

सेवा-सेतु केन्द्रों के माध्यम से किए गए प्रत्येक आवेदन का ऑनलाइन पंजीयन होता है, जिससे उसकी डिजिटल ट्रैकिंग संभव होती है। आवेदक आवेदन की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। इससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहती है और सेवा प्रदान करने में जवाबदेही भी सुनिश्चित होती है। समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था से नागरिकों का भरोसा और मजबूत हुआ है।

### डिजिटल सुशासन को मिल रही नई मजबूती

राज्य शासन का उद्देश्य शासकीय सेवाओं को नागरिकों के द्वार तक सरल और पारदर्शी रूप में पहुंचाना है। सेवा-सेतु केन्द्र इसी सोच को साकार कर रहे हैं। 442 सेवाओं के एकीकृत मंच के रूप में विकसित ये केन्द्र ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के नागरिकों के लिए सुविधा का मजबूत माध्यम बन गए हैं। सेवा-सेतु केन्द्रों के विस्तार से न केवल लोगों का समय और धन बच रहा है, बल्कि डिजिटल सुशासन को भी नई मजबूती मिल रही है। शासन की यह पहल नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और जनहितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## एक नजर

### आरटीई प्रवेश का अंतिम अवसर, निजी स्कूलों की 700 रिक्त सीटों पर 22 जुलाई से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

**रायगढ़, 18 जुलाई।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निजी विद्यालयों की कक्षा पहली की 700 रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए तृतीय एवं अंतिम चरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। राज्य कार्यालय, रायपुर से प्राप्त स्वीकृति के अनुसार जिले में निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रवेश संबंधी समस्त कार्यवाही की जाएगी। यह चरण उन पात्र बच्चों के लिए अंतिम अवसर होगा, जो पूर्व के चरणों में प्रवेश प्राप्त नहीं कर सके हैं। शासन के निर्देशानुसार 22 जुलाई 2026 से 05 अगस्त 2026 तक जिला स्तर पर निर्धारित समय-सारणी के अनुसार आवेदन एवं प्रवेश संबंधी कार्यवाही की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री श्यामानंद साहू ने सभी पात्र अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर अपने बच्चों को आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के इस अंतिम अवसर का लाभ अवश्य उठाएं।जिला मिशन समन्वयक श्री आलोक स्वर्णकार ने बताया कि तृतीय एवं अंतिम चरण में केवल उन्हीं पात्र बच्चों के ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, जिन्होंने आरटीई के पूर्व चरणों में प्रवेश प्राप्त नहीं किया है। पहले से चयनित अथवा प्रवेश ले चुके बच्चों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रथम चरण में लागू सभी पात्रता शर्तें, आरक्षण संबंधी प्रावधान एवं अन्य नियम इस चरण में भी यथावत प्रभावी रहेंगे। अंतिम चरण की जानकारी प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाने के लिए निजी विद्यालयों के आसपास की बस्तियों एवं मोहल्लों में मुनादी कराई जाएगी। साथ ही अन्य स्थानीय माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी पात्र बच्चा निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सभी कार्य 27 अगस्त 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएंगे। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूरी प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### महिला आईटीआई रायगढ़ में द्वितीय चरण के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन शुरू

**रायगढ़, 18 जुलाई।** शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) में प्रशिक्षण सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संस्था में स्टेनोग्राफी (हिन्दी), कोपा, फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, कॉस्मेटोलॉजी, आईसीटीएसएम तथा सरफेस ऑर्नामेंटेशन टेक्नीक्स (एम्ब्रॉयडरी) व्यवसायों में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 17 से 24 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट 222.ष्द्दद्बह्लद्ब.ड्डस्त्रद्वद्बह्य-ह्यद्बश्ठ्ठ.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक कार्यालयीन दिवस एवं समय पर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### चिरपोटी में मनाया गया रथयात्रा का पर्व, एक परिवार निभा रहा 50 साल पुरानी परंपरा



**अंवरी,18 जुलाई।** ग्राम चिरपोटी में इस वर्ष भी बड़े हर्ष उल्लास के साथ रथयात्रा निकाला गया इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को भव्य सुसज्जित कर दाऊ स्व. दऊवा राम साहू के पैतृक घर से रथों पर विराजमान कर श्री कृष्ण मंदिर तक बाजे गाजे के साथ ले जाया गया,स्व. दऊवा राम के सात बेटा और सात बेटी है,सातों बेटों द्वारा इस पुरानी परंपरा को आज भी बखूबी निभाया जा रहा है जो क्षेत्र वासियों के लिए प्रेरणादायक है। रथ यात्रा को हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक माना जाता है। यह पर्व भगवान जगन्नाथ के भक्तों के लिए आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यात्रा के दौरान पूरे पुरी गाँव में धार्मिक उत्साह का वातावरण रहा और श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ भगवान के दर्शन किए,रथ यात्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से रघुनाथ साहू,महेश साहू, संत साहू ,उत्तम साहू,मोरध्वज साहू,पीतांबर साहू, रामबरन साहू ,बरन साहू,कामता साहू, लाकेश, सोम, राहुल, सौरभ, साकेत, सुरेंद्र, दादू और अयांश साहू उपस्थित रहे।

### रेत खदान पासीद की लॉटरी प्रक्रिया 24 जुलाई को

**महासमुंद, 18 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 के अंतर्गत खनिज शाखा महासमुंद द्वारा एमएसटीसी पोर्टल पर महासमुंद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पासीद स्थित महानदी के खसरा क्रमांक-01 का भाग, रकबा 4.80 हेक्टेयर की रेत खदान के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया 17 जून 2026 को आयोजित की गई थी। उक्त रेत खदान के लिए प्रस्तावित लॉटरी प्रक्रिया अपरिहार्य कारणों से संपन्न नहीं हो सकी थी।अब इस रेत खदान के लिए निविदा में भाग लेने वाले सभी संबंधित बोलीदाताओं को सूचित किया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के माध्यम से लॉटरी के द्वारा अधिमानी बोलीदाता की चयन प्रक्रिया 24 जुलाई 2026 को प्रातः 11:00 बजे संपन्न की जाएगी। खनिज शाखा ने सभी पात्र एवं संबंधित बोलीदाताओं से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

# भाटापारा के अविनाश शर्मा सक्ती जिला के जिला प्रभारी नियुक्त, कार्यकर्ताओं में हर्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा,18 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व ने संगठनात्मक नियुक्तियों की नई सूची जारी की है। प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकारिया और प्रदेश नेतृत्व की सहमति से प्रदेश भर में जिला प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की घोषणा की गई है।

इस महत्वपूर्ण नियुक्ति में भाटापारा के युवा नेता एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश शर्मा को सक्ति जिले का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।अविनाश शर्मा पिछले कई वर्षों से भाजपा युवा मोर्चा



के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में उन्होंने सदस्यता अभियान और युवा संवाद जैसे कार्यक्रमों में अहम योगदान दिया है। इसी कार्यशैली को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन पर सक्ति जिले जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

नियुक्ति के बाद अविनाश शर्मा ने कहा कि मैं प्रदेश नेतृत्व और संगठन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। सक्ति जिले में युवा मोर्चा को बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाकर युवाओं को पार्टी से जोड़ना हमारी प्राथमिकता होगी।अविनाश शर्मा की नियुक्ति की खबर मिलते ही भाटापारा और सक्ति जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने उनसे मुलाकात कर बधाई दी।



## आर्ट ऑफ लिविंग का मानसून स्पेशल हैप्पीनेस प्रोग्राम सफलतापूर्वक संपन्न

**खरसिया।** आर्ट ऑफ लिविंग का मानसून स्पेशल हैप्पीनेस प्रोग्राम 15 से 18 जुलाई तक भगत कॉम्प्लेक्स में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका विभा अग्रवाल द्वारा किया गया। चार दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने योग, प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया एवं जीवन को तनावमुक्त, प्रसन्न और ऊर्जावान बनाने की प्रभावी विधियाँ सीखीं। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम का भरपूर लाभ प्राप्त किया तथा आर्ट ऑफ लिविंग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आईटीआई खरसिया में रिक्त सीटों पर प्रवेश का अवसर, चौथे से छठे चरण की काउंसिलिंग शुरू

**रायगढ़, 18 जुलाई।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, नवा रायपुर द्वारा चतुर्थ से षष्ठम चरण की काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) खरसिया, जिला रायगढ़ में सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 24 जुलाई 2026 की रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्था में विद्युतकार ट्रेड में 1 सीट, फिटर में 10 सीट, सेविंग टेक्नोलॉजी में 15 सीट, वेल्डर में 26 सीट तथा कोपा में 9 सीटें रिक्त हैं। तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए यह प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार के बेहतर अवसर हासिल करने का अच्छा मौका है। अभ्यर्थी वेबसाइट cgiti.admission.nic.in पर जाकर स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा वे अपने निकटतम चॉइस सेंटर के माध्यम से भी आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थियों को 10वीं की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्थानांतरण प्रमाण पत्र तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने की सलाह दी गई है। वहीं पूर्व में आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को अगले चरण में शामिल होने के लिए अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से पोर्टल में लॉगिन कर संबंधित विकल्प का चयन करना होगा।

## आईटीआई-उद्योग समन्वय पहल से स्थानीय युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के नए द्वार

**रायगढ़, 18 जुलाई।** जिले के युवाओं को रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन रायगढ़ ने एक अभिनव पहल की है। जिला प्रशासन के प्रयासों से जिले के प्रमुख खदान संचालकों एवं औद्योगिक संस्थानों का शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। इस पहल के माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे प्रशिक्षण के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस पहल का उद्देश्य उद्योगों की मांग के अनुरूप कुशल मानव संसाधन तैयार करना, स्थानीय युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराना तथा उन्हें स्वरोजगार एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन में विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठान, शासकीय आईटीआई तथा विशेषज्ञ प्रशिक्षण संस्थान मिलकर कार्य करेंगे।

### छह प्रमुख उद्योगों ने आईटीआई के साथ किया समन्वय

इस पहल के अंतर्गत एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड तलईपल्ली, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड, मेसर्स जिंदल पावर लिमिटेड गारे पेलमा, मेसर्स जिंदल स्टील लिमिटेड गारे पेलमा तथा एनटीपीसी लारा जैसे प्रमुख औद्योगिक संस्थानों ने जिले के विभिन्न शासकीय आईटीआई से समन्वय स्थापित किया है। इन संस्थानों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को उद्योग आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एपेरल डिजाइन, कोपा, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, सिलाई (सेविंग), हाउसकीपिंग, रिसेप्शनिस्ट, होटल मैनेजमेंट असिस्टेंट, प्लास्टिक मोल्डिंग, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, औद्योगिक हैवी मोटर व्हीकल ड्राइविंग जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रम शामिल किए गए हैं। इसके अतिरिक्त युवाओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित विशेष प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा। एसईसीएल के सहयोग से एपेरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर (एटीडीसी) के माध्यम से एपेरल डिजाइन प्रशिक्षण संचालित किया जाएगा, जबकि एनटीपीसी माइनिंग द्वारा नेशनल स्किल डेवलपमेंट सेंटर रायपुर एवं सीआईपीटी कोरबा के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### स्थानीय युवाओं को मिलेगा सीधा लाभ

जिला प्रशासन की यह पहल विशेष रूप से रायगढ़ जिले के स्थानीय युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं के कौशल में वृद्धि होगी, जिससे उन्हें औद्योगिक संस्थानों में रोजगार प्राप्त करने की संभावनाएं बढ़ेंगी। उद्योगों को भी उनकी आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षित एवं दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध हो सकेगा। जिला प्रशासन ने सभी इच्छुक एवं पात्र युवाओं से अपील की है ।

## सीएचसी लैलूंगा, पुसौर, घरघोड़ा और चपले को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 18 जुलाई।** रायगढ़ जिले की स्वास्थ्य सेवाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान बनाई है। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा, पुसौर, घरघोड़ा और चपले को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही गुणवत्तापूर्ण उपचार सेवाओं, सुरक्षित प्रसव, आधुनिक जांच सुविधाओं, संक्रमण नियंत्रण तथा बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन का परिणाम है। विशेष रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। यह सफलता रायगढ़ में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिबद्धता की एक बड़ी मिसाल बनकर सामने आई है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित इन स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुरूप सेवाएं प्रदान करने के लिए यह प्रमाणन दिया गया है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों का यह महत्वपूर्ण परिणाम माना जा रहा है। एनक्यूएएस मूल्यांकन के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों को मरीजों की देखभाल, दवाइयों की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, संक्रमण नियंत्रण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, आपातकालीन उपचार, प्रयोगशाला सेवाएं, रिकॉर्ड प्रबंधन तथा मरीजों की संतुष्टि जैसे अनेक मानकों पर परखा गया। लैलूंगा, पुसौर, घरघोड़ा और चपले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों ने इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता सुनिश्चित की। इन स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षित प्रसव सेवाओं, नवजात शिशु देखभाल, आधुनिक जांच सुविधाओं तथा संक्रमण नियंत्रण के लिए अपनाई गई व्यवस्थाओं को विशेष सराहना मिली। अस्पतालों में स्वच्छता, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन और मरीजों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के प्रयासों को भी मूल्यांकन के दौरान बेहतर पाया गया।

### मरीजों को मिलेगा बेहतर और आधुनिक उपचार का लाभ

एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त होने के बाद इन स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को और अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत प्रमाणित स्वास्थ्य संस्थानों को अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन भी प्राप्त होगा। इस राशि का उपयोग अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता और सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने में किया जाएगा। इससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को बेहतर उपचार के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करने की आवश्यकता कम होगी और उन्हें अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

जिले के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर ने एनक्यूएएस मूल्यांकन में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि रायगढ़ जिले के स्वास्थ्य तंत्र की मजबूती और स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण को दर्शाती है। इस सफलता के पीछे डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों, पैरामेडिकल कर्मचारियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों की निरंतर मेहनत और समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने की अपेक्षा जताई है।

## एसपी भावना पाण्डेय से मिलीं नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख



**अंवरी,18 जुलाई।** नगर पंचायत भखारा-भठेली की अध्यक्ष ज्योति हरख ने धमतरी पुलिस अधीक्षक भावना पाण्डेय से सौजन्य भेंट कर भखारा-भठेली नगर पंचायत एवं आसपास के अंचल की कानून-व्यवस्था से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

इस दौरान अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने क्षेत्र में चोरी, असामाजिक गतिविधियों एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका तथा नागरिकों से प्राप्त शिकायतों की ओर पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने भखारा-भठेली एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने तथा रात्रिकालीन पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाने की मांग रखी।उन्होंने कहा कि नियमित पुलिस गश्त से अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही आम नागरिकों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण मजबूत होगा।

पुलिस अधीक्षक भावना पाण्डेय ने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।सौजन्य भेंट के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने क्षेत्र की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण मांगें रखीं।

# दागी कंपनी को काम देकर भाजपा सरकार जनता के पैसे की कर रही बरबादी: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,18 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों की पैथोलॉजी जांच और अमृत फार्मेसी का संचालन बिना टेंडर एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड को सौंपे जाने पर पूर्व संसदीय सचिव एवं महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इसे स्वास्थ्य विभाग का सबसे बड़ा घोटाला और जनता के पैसे की खुली लूट करार दिया है।

श्री चंद्राकर ने जारी बयान में कहा कि सरकार ने पीपीपी मॉडल के नाम पर पूरे प्रदेश के जिला अस्पतालों, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की लैब एक निजी कंपनी को सौंप दी है। इस समझौते के तहत सरकार 1000 करोड़ रुपये की अत्याधुनिक मशीनें, भवन, जगह और पूरा स्टाफ मुफ्त में देगी। साथ ही कंपनी के 2.5 करोड़ रुपये के वेतन का भार भी सरकार ही उठाएगी। इसके बावजूद मरीजों से जांच का शुल्क वसूला जाएगा और सरकार को प्रति टेस्ट अलग से भारी भुगतान करना पड़ेगा। उन्होंने



कहा कि यह समझौता पूरी तरह से एकतरफा है। इसमें कंपनी का कोई वित्तीय जोखिम नहीं है। सरकार जमीन, बिल्डिंग, बिजली, पानी, मशीन और स्टाफ सब देगी और ऊपर से वेतन भी देगी। फिर भी मुनाफा कंपनी कमाएगी। इससे साफ है कि सरकार बचत नहीं बल्कि बरबादी कर रही है।

पूर्व विधायक ने सबसे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस कंपनी को यह ठेका दिया गया है, उसके खिलाफ मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में सीबीआई की जांच चल रही है और एफआईआर भी दर्ज है। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन सीजीएमएससी के अपने नियमों में स्पष्ट है कि जिस फर्म पर सीबीआई जांच चल रही हो वह किसी भी टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकती। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने सभी नियमों और पारदर्शिता को ताक पर रखकर सीधे नामिनेशन दे दिया।

श्री चंद्राकर ने जीएफआर-2017 का हवाला देते हुए कहा कि शासन के नियमों के अनुसार कोई भी कार्य बिना टेंडर केवल 4 विशेष परिस्थितियों में ही नामिनेशन पर दिया जा सकता है। पहली - बाढ़, आपदा या महामारी जैसी आपात स्थिति। दूसरी - बार बार टेंडर फेल होना। तीसरी - काम करने वाली एकमात्र संस्था होना। चौथी - सरकार को पुख्ता विश्वास हो कि इससे बड़ी राशि की बचत होगी। लेकिन वर्तमान मामले में इन चारों में से कोई भी शर्त पूरी नहीं होती। इसके बावजूद साय सरकार ने प्रदेश के दो सबसे बड़े स्वास्थ्य कार्य सभी सरकारी अस्पतालों की लैब का संचालन और अमृत फार्मेसी खोलने का ठेका एक ही कंपनी को सौंप दिया। उन्होंने कहा यदि सीजीएमएससी सही काम नहीं कर पा रही तो उसे दुरुस्त किया जाए, उसमें सुधार किया जाए। लेकिन सरकारी अस्पतालों की पूरी व्यवस्था, इक्विपमेंट और फैकल्टी को निजी हाथों में सौंप देना जनता के साथ धोखा है। पैथोलॉजी का ठेका देने के बाद सालों से काम कर रहे अनुभवी डॉक्टरों, टेक्नीशियनों और लैब कर्मचारियों को अचानक बेरोजगार कर दिया गया है। सरकार मानव संसाधन को बर्बाद कर रही है।

पूर्व विधायक ने सरकार के 250-300 करोड़ बचत के दावे को भी खारिज किया। उन्होंने कहा कि जांच दरों में मामूली कमी दिखाकर बड़ा खेल किया जा रहा है। हकीकत में सरकार को प्रति टेस्ट कई गुना भुगतान करना पड़ेगा। पहले से खरीदी गई मशीनें आज धूल खा रही है। और अब उनके संचालन का ठेका भी निजी हाथों में दे दिया गया। अमृत फार्मेसी के ठेके पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में पहले से प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती जेनेरिक दवाएं उपलब्ध हैं, तो फिर ऐसी दागी कंपनी को अमृत फार्मेसी का ठेका देने का औचित्य क्या है? इसका एकमात्र मकसद लोकल परचेस के नाम पर अस्पतालों में दवा का स्टॉक खत्म बताकर मरीजों को महंगी दवा खरीदने के लिए मजबूर करना है। गरीब मरीजों को दोहरी मार पड़ेगी।अंत में श्री चंद्राकर ने मांग की कि सरकार इस अवैध नामिनेशन को तत्काल निरस्त करे, पुराने कर्मचारियों को वापस काम पर ले और पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भी भ्रष्टाचार और मिलीभगत को संरक्षण दे रही है। सरकार की मनमानी व अनैतिक कार्यों को प्रदेश की जनता देख रही है, इसकी कीमत भाजपा को 2028 में चुकानी पड़ेगी।

# विकास कार्य ऐसे हों, जिनसे आम नागरिकों को सुविधा मिले, न कि परेशानी: संजय श्रीवास्तव

**रायपुर, 18 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं शहरवासियों के साथ रायपुर शहर के विभिन्न चौराहों का निरीक्षण कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

शहर के कई प्रमुख चौराहों पर वर्तमान में निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने संजय श्रीवास्तव को अवगत कराया कि प्रस्तावित निर्माण के कारण चौराहों का आकार छोटा हो रहा है, जिससे भविष्य में यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। नागरिकों का कहना था कि यह निर्माण कार्य व्यवहारिक दृष्टि से उचित नहीं है और इससे अनावश्यक ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न होकर आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



शहरवासियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संजय श्रीवास्तव ने तत्काल संबंधित निर्माणाधीन चौराहों का स्वयं निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नागरिकों की आपत्तियों को उचित मानते हुए नगर निगम रायपुर एवं यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाकर स्थिति से अवगत कराया।

निर्माण स्थल पर दोनों विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए। साथ ही आश्वासन दिया कि आगे किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य यातायात की सुगमता, तकनीकी मानकों एवं जनसुविधा को ध्यान में रखकर ही किया जाएगा।

इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव ने कहा कि ''चौराहों का आकार कम होने से यातायात संचालन प्रभावित होता है, दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है तथा शहर की सौंदर्यता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।'' उन्होंने जनहित में त्वरित निर्णय लेने के लिए नगर निगम एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि विकास कार्य ऐसे हों, जिनसे आम नागरिकों को सुविधा मिले, न कि अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़े। इस अवसर पर पार्षद राजेश गुप्ता, अकबर अली, संजय कश्यप, अनूप खेलकर, सचिन सिंघल, विपिन पटेल, इन्दर जैन, ओम राठोर, गणेश निर्मलकर, रवि शादिजा, मीन सेन, गायत्री चंद्राकर, प्रकाश मोरवानी, भीमवन्त निषाद, रोहित सेन, शब्बीर हुसैन, मोहम्मद शकील, राधेश्याम बाग, चन्द्रप्रकाश प्रजापति, दिलीप धनकर, आकाश बालानी, सुधीर भार्गव, विकास अग्रवाल, कामेश सोनवानी, मोनू सलूजा, मोनू साहू, एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वाद-विवाद करने वाले को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**राजनांदगांव 18 जुलाई।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंण्डर के पर्यवेक्षण में अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु नशे एवं असामाजिक तत्वो के खिलाफ चलाए जा रहे सतत अभियान कार्यवाही के तहत थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक दिलीप पटेल के नेतृत्व में ग्राम फुल्झर में पुलिस में शिकायत करने की बात को लेकर वाद विवाद कर रहे उत्तम साहू पिता स्व. अशोक साहू उम्र 47 साल निवासी ग्राम बैगाटोला थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ.ग. को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी दिलीप पटेल सहायक उप निरीक्षक ईश्वर वैष्णव आरक्षक लीलाराम साहू, तुषार मरकाम की सराहनीय भूमिका रही।

### डीएव्ही स्कूल में द्वितीय चरण का आवेदन 22 जुलाई तक आमंत्रित

**बलौदाबाजार 18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत संचालित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सकरी (बलौदाबाजार), छरछेद (कसडोल), टिकुलिया (भाटापारा) के लिए आरक्षित प्री प्राथमिक, प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक कक्षा में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण का आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 22 जुलाई 2026 तक संबंधित डी.ए.व्ही. स्कूलों में जमा कर सकते है। इन स्कूलों में आरक्षित कुल 8 प्रतिशत निःशुल्क शासकीय कोटा के लिए आरक्षित सीट में से रिक्त सीटों के लिए अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के बीपीएल श्रेणी के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा।

### आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश हेतु तृतीय चरण की प्रक्रिया प्रारम्भ,5 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार 18 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निजी अशासकीय विद्यालयों में पहली कक्षा में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के लिए तृतीय एवं अंतिम चरण की प्रक्रिया 17 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगी। पात्र अभिभावक 22 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन rte.cg.nic.in वेबसाईट पर जाकर कर सकते हैं। जिले में रिक्त सीटों की जानकारी 17 से 21 जुलाई 2026 तक जारी की जाएगी।

# जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने समर्पित भाव से करें कार्यः कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 जुलाई।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले में बाल एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए समर्पित एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सक्रियता एवं ईमानदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में किसी भी गर्भवती महिला एवं नवजात शिशु की मृत्यु न हो, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। कलेक्टर ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से की जाए तथा इस कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, आवश्यक दवाइयों एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही मोबाइल के माध्यम से प्रतिदिन उनके स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग कर समय पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिले में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पिछले वर्ष इसी समय मातृ मृत्यु 5 हुई थी जबकि इस वर्ष 2 मातृ मृत्यु है। इसी तरह पिछले वर्ष 53 शिशु मृत्यु हुई थी जो इस वर्ष घटकर 44 हुई है। इस विशेष अभियान से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आई है।



कलेक्टर ने एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा करते हुए इसे तेज गति से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 4 हजार 887 किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर स्कूलवार रोस्टर तैयार करने तथा इस माह के भीतर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में चिन्हांकित ब्रेस्ट कैंसर मरीजों के उपचार एवं स्क्रीनिंग की जानकारी लेते हुए मरीजों के परिजनों से नियमित फॉलोअप करने तथा स्वास्थ्य में सुधार की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। 1826 ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग के पश्चात लक्षण की पहचान होने पर 16 मरीजों को तत्काल ईलाज के लिए रेफर किया गया। वर्तमान में बालको कैंसर हॉस्पिटल में निःशुल्क उपचार चल रहा है और मरीजों के परिजनों से नियमित फॉलोअप लिया जा रहा है।

कलेक्टर ने चिरायु योजना के अंतर्गत चिन्हांकित बच्चों के उपचार की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने को कहा, ताकि बच्चों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध हो सके। चिरायु योजना के तहत 48 बच्चों का चिन्हांकन किया गया। जिसमें से 15 बच्चों का हृदय रोग संबंधी बीमारियों का निःशुल्क सफलतापूर्वक ऑपरेशन हो गया है तथा 33 बच्चों का चिरायु टीम द्वारा नियमित फॉलोअप लिया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी चिकित्सालयों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में बेहतर हाइजीन बनाए रखना आवश्यक है, जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संयुक्त संविदा भर्ती प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता से स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी विस्तार होगा तथा इसका लाभ जिले के नागरिकों को मिलेगा।

### बृजमोहन ने बांटा गजामूंग का प्रसाद



**रायपुर 18 जुलाई।** जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा पर उत्कल विकास मंच के तत्वावधान में मधुसूदन दास चौक पर छत्तीसगढ़िया उत्कल समाज के लोगों ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में रथयात्रा का स्वागत वंदन कर महाप्रसादी का वितरण किया। इस अवसर पर उत्कल समाज मंच रायपुर के संयोजक संजय सोनी, अध्यक्ष बलमत महानंद, महादेव नायक, आनंद ताकिया गांडा महाससभा के अध्यक्ष नारायण बाघ, पार्षद संजना संतोष हियाल, एल्डरमेन गोपाल सोना, बबलू बाघ, विनोद सेनी, अंकन दास विभार, शरद जाल, उत्कल विकास मंच युवा संघ के अध्यक्ष सदाशिव सोनी सहित हजारों छत्तीसगढ़िया उत्कल समाज के लोग उपस्थित थे। उत्कल विकास मंच रायपुर के सचिव त्रिलोचन निहाल ने एक विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी दी है।

### मोबाइल वापस मिलने पर आवेदकों ने किया पुलिस का आभार व्यक्त

**राजनांदगांव 18 जुलाई।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में गुम मोबाइलों की तलाश हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है।




इसी अभियान के तहत थाना बसंतपुर पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के 25 गुम मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कुल कीमत लगभग 3,75,000 रूपये है, सफलतापूर्वक बरामद किया गया । आज दिनांक 17 जुलाई 2026 को थाना बसंतपुर परिसर में सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्दनामा के माध्यम से लौटाए गए। अपने गुम मोबाइल वापस मिलने पर सभी आवेदकों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला राजनांदगांव पुलिस एवं थाना बसंतपुर पुलिस की त्वरित एवं सराहनीय कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आम नागरिकों से अपील की गई कि यदि किसी व्यक्ति को कोई गुम मोबाइल प्राप्त होता है तो उसका स्वयं उपयोग न करें तथा उसे तत्काल निकटतम पुलिस थाना में जमा करें, जिससे वह उसके वास्तविक स्वामी तक सुरक्षित पहुँचाया जा सके।

# हर्षोल्लास से मनाया गया रथयात्रा का पावन पर्व



■ रायपुर महानगर का सबसे प्राचीनतम रथ यात्रा है पुरानी बस्ती की रथ यात्रा

**रायपुर 18 जुलाई।** राजधानी रायपुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर टुरी हटरी पुरानी बस्ती में रथ यात्रा का पावन पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रातः कालीन बेला से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ था। सुबह 9:00 बजे होम हवन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ तत्पश्चात जगन्नाथ जी की आरती की गई दोपहर में भोग भंडारे का कार्यक्रम संपन्न हुआ, अपराह्न 3:30 बजे रथ यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में लोग अपने परिवार सहित उपस्थित हुए। वे सभी भगवान के दर्शन का एक झलक प्राप्त करने के लिए लालायित थे। जानकारों का मानना है कि यह रायपुर नगर का सबसे प्राचीनतम रथ यात्रा है जो लगभग ढाई सौ वर्षों से अधिक का कार्यकाल पूर्ण कर चुका है। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने रथ यात्रा के संदर्भ में अपने संदेश में कहा है कि -आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को प्रत्येक वर्ष रथ यात्रा का त्यौहार मनाया जाता है इस वर्ष भी यह पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। पुरानी बस्ती का यह आयोजन रायपुर नगर का सबसे प्राचीनतम आयोजन है जिसमें लोग बड़ी श्रद्धा भक्ति पूर्वक हजारों की संख्या में सम्मिलित होते हैं। उन्होंने कहा कि हमें जब किसी भी देवी- देवता का दर्शन प्राप्त करना होता है तो मंदिरों में जाना ही पड़ता है लेकिन भगवान श्री जगन्नाथ जी विश्व के एकमात्र ऐसे देवता हैं जो अपने भक्तों को उनके दरवाजे तक पहुंचकर दर्शन प्रदान करते हैं वे जगत के स्वामी हैं,इसीलिए उन्हें जगन्नाथ कहा जाता है। रथ यात्रा के इस पावन अवसर पर दाऊ महेंद्र अग्रवाल, सुरेश शुक्ला, अजय तिवारी, विजय पाली, रामकृष्ण पाली, तोय निधि वैष्णव, बृजभूषण द्विवेदी, अनिल बरोड़िया ,प्रशांत ठेंगड़ी, राहुल उपाध्याय, तिलक दास जी, राम छबिदास जी, राम प्रिय दास जी, राम लोचन दास जी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिक गण सम्मिलित हुए।

# गौरीशंकर श्रीवास को केश शिल्पी बोर्ड का अध्यक्ष बनाने पर सेन समाज में हर्ष

**रायपुर 18 जुलाई।** छत्तीसगढ़ केश समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बनने पर श्री गौरी शंकर श्रीवास को प्रदेश एवं जिला सेन समाज के पदाधिकारीयो ने उनके निवास पर जाकर बधाई दी,, एवं छत्तीसगढ़ राज्य सरकार का आभार प्रकट करते हुए, धन्यवाद दिया गया/ जिसमें प्रदेश अध्यक्ष श्री पुनीत राम सेन एवं जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर के साथ प्रदेश महासचिव रूद्र सेन, सेलून संघ प्रांत अध्यक्ष श्री रुपेश ठाकुर युवा प्रकोष्ठ प्रांत अध्यक्ष श्री अनिल ठाकुर जिला संरक्षक श्री नारायण सेन प्रदेश सदस्य श्री द्वारका प्रसाद श्रीवास, कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्री सुशील कौशिक, विजेंद्र सेन, रमेश श्रीवास, ईश्वर सेन, दुर्ग कोषाध्यक्ष श्री अनिल सेन , केशव होरी लाल, श्रीमती श्यामा सेन ,श्रीमती शांता श्रीवास, श्रीमती अंजलि राजा सेन, छत्तीसगढ़ हेयर गुरु राज श्रीवास, श्रीमती लता श्रीवास ,कमलेश श्रीवास, दिलीप सेन ,राजू श्रीवास, राधेश्याम श्रीवास, नोहर लाल सेन, अंकुश ठाकुर ,दिनेश श्रीवास, पवन ठाकुर , तथा अति पिछड़ा वर्ग उत्थान समिति के पदाधिकारी गण,आदि समाज जनों ने बधाई देते हुए, छत्तीसगढ़ राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया, ऊक्त जानकारी प्रदेश महासचिव रूद्र सेन एवं जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने संयुक्त रूप से दी।



### जिले में अब तक 351 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार,18 जुलाई।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 17 जुलाई 2026 तक 351 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 575 मिमी, बलौदाबाजार में 407.5 मिमी, भाटापारा में 362.1 मिमी, कसडोल 338.4 मिमी, सोनाखान 312.5 मिमी., सुहेला 296.5 मिमी, लवन 293.9 मिमी, पलारी में 290.7 मिमी एवं सिमगा में 282.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 3159 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 351 मिमी है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

रा.प्र.क्र./ई. कोर्ट क्र. 202607095300005 -अ/6-वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मोरध्वज पिता मोतीराम जाति लोधी निवासी मुढ़िया तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) एवं अनावेदिका घसनीन बाई पति लेखराम जाति लोधी निवासी मुढ़िया तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा ग्राम मुढ़िया पटवारी हल्का नं. 04 राजस्व निरीक्षक मंडल मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 705 में से 0.230 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 704/1 रकबा 0.230 हेक्टेयर भूमि का दिनांक 19.05.2026 को उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ में आपसी तबादलानामा रजिस्ट्री निष्पादित किया गया है। जिसे विधिवत सुनवाई हेतु ई-कोर्ट में हस्तान्तरण किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 20/07/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

रा.प्र.क्र./ ई. कोर्ट क्र. 202607095300007 -अ/6-वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक केशो पिता मोतीराम जाति लोधी निवासी मुढ़िया तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) एवं अनावेदिका घसनीन बाई पति लेखराम जाति लोधी निवासी मुढ़िया तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा ग्राम मुढ़िया पटवारी हल्का नं. 04 राजस्व निरीक्षक मंडल मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 705 में से 0.230 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 704/3 रकबा 0.230 हेक्टेयर भूमि का दिनांक 19.05.2026 को उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ में आपसी तबादलानामा रजिस्ट्री निष्पादित किया गया है। जिसे विधिवत सुनवाई हेतु ई-कोर्ट में हस्तान्तरण किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 20/07/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़


# निगम सीमाक्षेत्र में पौधारोपण करने महापौर ने किया स्थल निरीक्षण

■ शहर में हरियाली लाने 10 हजार पौधरोपण का लक्ष्य-मधुसूदन यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 जुलाई।** पर्यावरण संरक्षण एवं शहर में हरियाली लाने की दृष्टिकोण से महापौर श्री मधुसूदन यादव निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम तथा तकनीकि अधिकारियो के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण करने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण सुरक्षित स्थान में करना है, जिससे पौधे वृक्ष का रूप ले सके।

शहर में वृक्षारोपण के लिए स्थल निरीक्षण की कडी में महापौर श्री यादव ने रेवाडीह में राज इम्पीरियल से फरहद चौक, मोतीपुर एंव कौरिनभाठा मुक्तिधाम, पुरान व नया ढाबा तालाब के पास,पारीनाला के पास, मोतीपुर मुक्तिधाम रोड से बरगाही रोड, नया ढाबा रोड, एकलव्य विद्यालय परिसर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी में जाकर स्थल निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि इस वर्ष लगभग 10 हजार पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे से कहा कि वृक्षारोपण के लिए शहर में और भी स्थल का चयन करे, स्थल सुरक्षित हो तथा पानी की उपलब्धता हो या आसानी से पानी डाला जा सके। उन्होंने कहा कि पौधे संरक्षित होकर वृक्ष का रूप ले ऐसे स्थल चयन करे, तभी हम हरियाली की ओर अग्रसर हो सकेगे। वृक्षारोपण के लिए सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिया जायेगा, जिससे शहर में वृहद रूप से वृक्षरोपण किया जा सके।



आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष वृक्षारोपण किया जाता है, पूर्व में लगाये गये पौधों में अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप ले लिये है, इस वर्ष भी पौधरोपण अभियान चलाया जायेगा, जिसमें शहर के आंतरिक एंव बाह्य क्षेत्रों में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण में जन सहयोग भी लिया जायेगा, उनसे अपने क्षेत्र के पौधो को सुरक्षित रखने अपील की जावेगी। निरीक्षण के दौरान प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव व सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी आदि उपस्थित थे।

### व्यापारियों की सुरक्षा एवं सुगम व्यापारिक वातावरण को लेकर हुई साकारात्मक चर्चा :अमर पारवानी

**रायपुर 18 जुलाई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नरेट रायपुर के पुलिस उपायुक्त (मध्य क्षेत्र) श्री तारकेश्वर पटेल से सौजन्य भेंट कर उन्हें नवीन दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर व्यापारियों की सुरक्षा, सुगम व्यापारिक वातावरण तथा शासन-प्रशासन एवं व्यापारिक समुदाय के बीच बेहतर समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई।

प्रतिनिधिमंडल में कैट छत्तीसगढ़ के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री श्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री अमर पारवानी ने कहा कि कैट सदैव व्यापारियों एवं शासन-प्रशासन के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग का मजबूत सेतु रहा है।


**नाम परिवर्तन**

नाबालिक पुत्री/पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक/पालन द्वारा प्रमाणित)

मैं उत्तम कुमार साहू पिता श्री समलिया राम साहू जाति-तेली, निवासी ग्राम-कन्हारगांव, तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) राज्य ने अपने नाबालिक सुपुत्र का नाम शशि कुमार (पुराना नाम) से बदल कर शशिकांत (नया नाम) रख लिया है।

उत्तम साहू
माता/पिता/पालक के हस्ताक्षर

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग**
**रामपुर/कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**-: निविदा निरस्तीकरण सूचना :-**

इस संभाग का निविदा सूचना क्र. 01/व.ले.लि. 2026-27 दिनांक 08.06.2026 निविदा सिस्टम क्रमांक 192555 (प्रथम आमंत्रण) द्वारा आमंत्रित निविदा का बिड केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ट के निविदा पूर्व अर्हता निर्धारण समिति द्वारा दिनांक 01.07.2026 को ऑनलाईन खोला गया। उक्त निविदा के प्रथम आमंत्रण में प्रतिभागी निविदाकारों की संख्या निरंक है। अतः उक्त निविदा तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग
जी-262702184/9 रामपुर/कोरबा

विकसित छत्तीसगढ़ की ओर मजबूत कदम



# पर्यटन के जरिए नई पहचान गढ़ रहा छत्तीसगढ़

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पर्यटन विकास का स्वर्णिम अध्याय



**प्राकृतिक संपदाओं, ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक आस्थाओं, जैव विविधता और समृद्ध जनजातीय संस्कृति से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ आज देश के सबसे उभरते हुए पर्यटन राज्यों में अपनी सशक्त पहचान बना रहा है। राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों, पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने, निवेश को प्रोत्साहन देने और स्थानीय समुदायों को पर्यटन से जोड़ने की पहल ने प्रदेश में पर्यटन विकास को नई गति प्रदान की है।**

> “ मुख्यमंत्री जन पर्यटन प्रोत्साहन योजना छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में पर्यटन को सुलभ, समृद्ध और आकर्षक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश की प्राकृति सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और जनजातीय गौरव को देश-दुनिया तक पहुंचाया जाए। पर्यटन केवल भ्रमण का माध्यम नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और सामाजिक समृद्धि का मजबूत आधार है।
>
> **- श्री विष्णु देव साय**
> **मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़**

### मधेश्वर पहाड़ बना विश्व रिकॉर्डधारी, छत्तीसगढ़ पर्यटन को मिली नई पहचान



छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले स्थित मधेश्वर पहाड़ को शिवलिंग की विश्व की सबसे बड़ी प्राकृतिक प्रतिकृति के रूप में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। 'लार्जेस्ट नेचुरल फैक्सिमिली ऑफ शिवलिंग' के रूप में मिली यह मान्यता प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यटन पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करने वाला क्षण बताया। कुनकुरी ब्लॉक के मयाली गांव के समीप स्थित मधेश्वर पहाड़ प्राकृतिक आस्था का अनूठा केंद्र है। राज्य सरकार के प्रयासों से जशपुर तेजी से पर्यटन और एडवेंचर गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।

### राजधानी रायपुर बना सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन का प्रवेश द्वार


राम मंदिर, रायपुर


पुरखौती मुक्तांगन, नया रायपुर

राम मंदिर, मां कौशल्या धाम, ट्राइवल म्युजियम, पुरखौती मुक्तांगन, ऊर्जा पार्क, नंदनवन एवं अन्य प्रमुख स्थलों को पर्यटन सर्किट से जोड़कर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती दी गई है। धार्मिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### जशपुर की वादियों से उठी चाय की सुगंध, कृषि और पर्यटन को मिली नई उड़ान



छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों से जशपुर जिले का सारूडीह चाय बागान आज राज्य की नई पहचान बनकर उभरा है। लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में फैला यह बागान पर्वतों और घने जंगलों के बीच स्थित है, जो पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण दोनों को बढ़ावा दे रहा है। राज्य की पहली चाय प्रसंस्करण इकाई बालाछापर में स्थापित की गई है, जहां काली और हरी चाय का उत्पादन शुरू हो चुका है। वर्मी कम्पोस्ट आधारित जैविक खेती से तैयार जशपुर की चाय गुणवत्ता और स्वाद के लिए विशेष पहचान बना रही है। चाय बागान ने अनुपयोगी भूमि को हरियाली में बदलने के साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए हैं। आज सारूडीह चाय बागान छत्तीसगढ़ की कृषि नवाचार, ग्रामीण विकास और पर्यटन क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है।

### सिरपुर और बारनवापारा : विरासत और वन्य पर्यटन का अद्भुत संगम


सिरपुर लक्ष्मण मंदिर


बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य

सिरपुर की ऐतिहासिक धरोहर, प्राचीन मंदिर और पुरातात्विक महत्व शोधार्थियों एवं पर्यटकों को आकर्षित कर रहे है। बारनवापारा की जंगल सफारी और वन्य जीवन प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पर्यटन सुविधाओं के विकास से स्थानीय ग्रामीण समुदायों की आय में वृद्धि हो रही है।

### मैनपाट : छत्तीसगढ़ का शिमला, प्रकृति और संस्कृति का संगम



मैनपाट अपनी ठंडी जलवायु, हरियाली और तिब्बती संस्कृति के कारण 'छत्तीसगढ़ का शिमला' एवं 'मिनी तिब्बत' कहलाता है। टाइगर पॉइंट, फिश पॉइंट, जलजली और उल्टा पानी जैसे आकर्षण इसे विशेष बनाते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार पर्यटन सुविधाओं के विस्तार, रिसॉर्ट विकास और मैनपाट कार्निवल के माध्यम से इसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित कर रही है।

### पर्यटन में निवेश का बढ़ता विश्वास




होटल, रिसॉर्ट, वेलनेस सेंटर, इको-रिसॉर्ट और पर्यटन अधोसंरचना में करोड़ों रुपये के निवेश की संभावनाएं मजबूत हुई है। इनसे आधुनिक सुविधाओं का विकास होगा तथा हजारों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है।


### पर्यटन क्षेत्र के लिए तैयार हो रही प्रशिक्षित युवा शक्ति




पर्यटन विभाग के सहयोग से सैकड़ों युवाओं को गाइड प्रशिक्षण, संचार कौशल, सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण, पर्यटक प्रबंधन और आतिथ्य सेवाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित युवा प्रदेश की विरासत को देश- विदेश के पर्यटकों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### सोनाखान-कसडोल : इको-टूरिज्म विकास का नया मॉडल




नारायणपुर स्थित हांडावाड़ा जलप्रपात


जशपुर स्थित राजपुरी जलप्रपात

शहीद वीर नारायण सिंह की पावन कर्मभूमि सोनाखान और प्राकृतिक संपदा से समृद्ध कसडोल क्षेत्र को इको-टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा रहा है। घने वन, झरने, जैव विविधता, वन्यजीव और आदिवासी संस्कृति से समृद्ध यह क्षेत्र अब पर्यटन मानचित्र पर से तेजी से उभर रहा है। इको-टुरिजम से स्थानीय युवाओं को गाइड सेवा, परिवहन, होमस्टे, हस्तशिल्प, खाद्य सेवाओं एवं पर्यटन आधारित उद्यमों में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल रहे है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का आदर्श मॉडल भी है।

**पर्यटन से बढ़ रहा रोजगार • मजबूत हो रही अर्थव्यवस्था • सशक्त हो रहा ग्रामीण छत्तीसगढ़**

*प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक गौरव और आधुनिक विकास का अनूठा संगम आज छत्तीसगढ़ को देश के सबसे संभावनाशील पर्यटन राज्यों में स्थापित कर रहा है। पर्यटन के माध्यम से छत्तीसगढ़ नई पहचान, नई ऊर्जा और नए अवसरों के साथ विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।*

छत्तीसगढ़ संवाद आर.ओ-48387/2

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26